हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

www.inbcn.in

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 27 सितंबर 2025 अंक 343/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर बोलीं पत्नी

# 'बिना वजह अपराधी जैसा सुलूक'







**लद्दाख.** लद्दाख प्रशासन ने सोनम वांगचुक को उनके गांव से गिरफ्तार किया, लेह में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के 2 दिन बाद ये एक्शन हुआ. उनकी पत्नी और जम्मू-कश्मीर के नेताओं ने गिरफ्तारी को गलत और दुर्भाग्यपूर्ण बताया. वहीं, आम आदमी पार्टी ने जंतर-मंतर पर शाम 7 बजे विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है. लद्दाख प्रशासन ने आज क्लाइमेट एक्टिविस्ट और शिक्षाविद सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया है. इसे लेकर उनकी पत्नी और कई पार्टियों की प्रतिक्रिया सामने आई है.

सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने गुस्से में कहा कि मेरे पति के साथ बिना किसी कारण के अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है. बता दें कि सोनम वांगचुक को लेह में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के 2 दिन बाद उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया गया. वांगचुक को लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया. वहीं, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सोनम वांगचुक को अरेस्ट कर लिया गया है, ये दुर्भाग्यपूर्ण है.

जिस तरह से केंद्र सरकार कल से उनके पीछे पड़ी है, उसे देखते हुए ऐसा लग रहा था कि ऐसा कुछ हो सकता है. उनसे भी वादे किए गए थे, जैसे हमसे किए गए थे. अब मुझे समझ नहीं आ रहा कि केंद्र सरकार अपने वादों से मुकर क्यों रही है. उधर, आम आदमी पार्टी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ आज शाम 7 बजे प्रदर्शन करेगी. प्रदर्शन जंतर मंतर पर होगा. इस प्रोटेस्ट में दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज मौजूद रहेंगे. पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सोनम वांगचुक की गिरफ़्तारी बेहद परेशान करने वाली है. शांति, स्थिरता और सच्चाई के आजीवन समर्थक रहे सोनम को सिर्फ़ अपने वादों को पूरा करने की मांग करने पर सज़ा दी जा रही है.

शुक्रवार लेह में कर्फ्यू लगा हुआ है और इंटरनेट बंद है, जो कश्मीर के लंबे समय से चले आ रहे हालात की भयावह प्रतिध्वनि है. आज के भारत में सत्ता के सामने सच बोलने की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, वरना एक ऐसा व्यक्ति जो जीवनभर शांति और अहिंसा के पक्ष में खड़ा रहा, आज सलाखों के पीछे कैसे पहुंच गया.

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा कि मुझे अभी पता चला कि सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया गया है. वह एक सम्मानित व्यक्ति हैं, जिन्होंने खुद को लद्दाख के लिए समर्पित कर दिया है. ये पूरी तरह से अवांछित कदम है. लद्दाख के लोग हमेशा से अपने शांतिप्रिय स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, कार्यकर्ताओं का एक समूह पिछले 6 वर्षों से विरोध प्रदर्शन कर रहा है. इन कार्यकर्ताओं में से दो गंभीर रूप से बीमार पड़ गए. इसे देखते हुए युवा उत्तेजित हो गए थे. सरकार ने एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक कांग्रेस पार्षद कथित तौर पर लोगों को भड़काते हुए दिखाई दे रहा है. कांग्रेस पार्षद ने इसे चुनौती देते हुए कहा है कि वह नहीं थे. इस हिंसा में किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता की कोई संलिप्तता नहीं थी. स्थानीय कांग्रेस इकाई ने पूरी घटना की न्यायिक जांच की मांग की है. साथ ही कहा कि कांग्रेस को दोष देना गलत है, वहां की सरकार ने पूरी घटना को ठीक से नहीं संभाला.

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने कहा कि ये गिरफ्तारी सरकार के चुनिंदा प्रतिशोध और डर दिखाने की नीति को दर्शाती है. पार्टी ने आरोप लगाया कि यह कदम उस संकट का ध्यान हटाने की कोशिश है, जो सरकार की नाकामियों और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी से पैदा हुआ. पार्टी ने कहा कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करना पीएम मोदी-भाजपा सरकार का ऐसा कदम था, ताकि लोगों पर नियंत्रण बढ़ाया जा सके और लद्दाख के संसाधनों को कॉरपोरेट्स को सौंपा जा सके. सरकार ने लोगों की पूर्ण राज्य, छठी अनुसूची का दर्जा, रोजगार, और पर्यावरण सुरक्षा जैसी मांगों को नजरअंदाज कर वांगचुक पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जिम्मेदार ठहरा दिया.

## स्विमिंग पूल में नहाते समय क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर चतुर्वेदी की मौत



**लखनऊ.** लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को 35वीं बटालियन के स्विमिंग पूल में नहाते समय क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। अश्विनी चतुर्वेदी पहले चिनहट थाने में भी तैनात थे, जहां से उन्हें एक कस्टोडियल डेथ के मामले के बाद हटाया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध समेत कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्विमिंग पूल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी का शव पूल से बरामद कर लिया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आज दोपहर 12 बजे महानगर थाना को सूचना मिली कि 35वीं बटालियन के स्विमिंग पूल में लखनऊ क्राइम ब्रांच में तैनात अश्विनी चतुर्वेदी डूब गए हैं। पुलिस और पीएसी की टीम ने उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट में मौत डूबने से हुई है। मृतक अश्विनी चतुर्वेदी मूल रूप से अंबेडकर नगर के निवासी थे। मामले की जांच की जा रही है।

## पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध कारगर साबित नहीं हो पाया: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली.** दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए दिल्ली-एनसीआर में सभी तरह के पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पटाखा निर्माताओं को ग्रीन पटाखे बनाने की इजाजत दे दी है। लेकिन कोर्ट ने साफ कहा कि ये पटाखे दिल्ली-एनसीआर में नहीं बेचे जाएंगे, जब तक अगला आदेश नहीं आता। कोर्ट ने शर्त रखी है कि सिर्फ वही निर्माता पटाखे बनाएंगे जिनके पास ग्रीन पटाखे का सर्टिफिकेट होगा। यह प्रमाणपत्र नीरी (एनईईआरआई) और पेसो (पीईएसओ) जैसी अधिकृत एजेंसियों से ही जारी होना चाहिए। बता दें कि पटाखा निर्माताओं को यह भी लिखित वचन देना होगा कि वे दिल्ली-एनसीआर में कोई पटाखा नहीं बेचेंगे। यह आदेश इसलिए दिया गया है क्योंकि इस क्षेत्र में दिवाली के समय प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाता है। इस मामले पर अगली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि आगे बिक्री पर क्या कदम उठाए जाएं। बता दें कि, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि वह पूरे देश में पटाखों की बिक्री और निर्माण पर पूरी तरह से रोक नहीं लगा सकता, क्योंकि केंद्र सरकार ने इस बारे में कोई राष्ट्रीय स्तर का प्रतिबंध प्रस्तावित नहीं किया है।

## भारत-रूस बिजनेस डायलॉग पर फोकस



**देहरादून.** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के दूसरे दिन दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित ट्रेड शो के दूसरे दिन कुल 91,259 दृशक पहुंचे, जिनमें 23,758 बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) और 67,501 बी2सी (बिजनेस टू कंज्यूमर) शामिल रहे. पहले दिन आए 49 हजार आगंतुकों को जोड़कर दो दिनों में कुल 1,40,259 दर्शक ट्रेड शो पहुंचे. यह रिकॉर्ड-ब्रेकिंग फुटफॉल उत्तर प्रदेश की बढ़ती औद्योगिक ताकत और यूपीआईटीएस की वैश्विक पहचान को दर्शाता है. इस आयोजन को न केवल व्यापार जगत के पेशेवरों ने सराहा, बल्कि आम दर्शकों ने भी प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गहरी रुचि दिखाई.

## कर्ज माफी पर क्या बोले पवार?

### बर्बाद किसानों के जख्म पर सरकार और विपक्ष का मरहम!



**मुंबई.** गन्ना, कपास, सोयाबीन, प्याज, हल्दी और बीज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध महाराष्ट्र का मराठवाड़ा मौसम की मार झेल रहा है. यहां लगातार हो रही बारिश ने किसानों को एक तरह से बर्बाद कर दिया. बारिश से फिलहाल राहत की भी उम्मीद नहीं है. मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर), जालना, परभणी, हिंगोली, नांदेड, लातूर, बीड, धाराशिव (उस्मानाबाद) में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है.

इस आपदा के बीच सरकार की हर संभव कोशिश है कि जल्द से जल्द किसानों तक राहत पहुंचाई जाए. शुक्रवार को एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठवाड़ा क्षेत्र में इस साल मई से अगस्त के बीच भारी बारिश के कारण फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को सहायता वितरित करने के लिए 1500 करोड़ रुपये आवंटित किए.

संभागीय आयुक्त जितेंद्र पापलकर ने बताया कि राशि सीधे प्रभावित किसानों के खातों में जाएगी और भुगतान प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रभावित किसानों की सूची तुरंत अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं. मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले हैं.

यहां वर्तमान में फसलों के नुकसान का आकलन कार्य चल रहा है. पापलकर ने कहा कि अब तक लगभग 80 प्रतिशत फसलों के नुकसान का सर्वे पूरा हो चुका है. इन जिलों में 20 सितंबर से भारी बारिश और नदियों के उफान के कारण बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, जिसमें कम से कम 9 लोगों की जान गई है. इस साल के मौजूदा मानसून सीजन में मराठवाड़ा क्षेत्र के 8 जिलों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 86 लोगों की मौत हो चुकी है. इसके साथ ही बड़ी संख्या में पालतू पशुओं की भी जान गई है. महाराष्ट्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि मूसलाधार बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के कारण पिछले एक सप्ताह में 83.77 लाख एकड़ क्षेत्र पर लगी फसलें नष्ट हुई है. बीड, धाराशिव, सोलापुर, नांदेड़, यवतमाल, बुलढाणा और हिंगोली ज़िलों में सोयाबीन, कपास, प्याज, ज्वार और हल्दी की फसलें सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं. मराठवाड़ा पिछले कुछ सालों में सूखे की वजह से देशभर में चर्चा में आता रहा है, लेकिन इस बार भारी बारिश ने तबाही लाई है.

## 'आई लव मुहम्मद' से जुड़े कार्यक्रम में मौलवी का विवादित बयान

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगाव में आयोजित 'आई लव मोहम्मद' कार्यक्रम के दौरान एक मौलवी के विवादित बयान ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है. कार्यक्रम के सार्वजनिक मंच से मौलवी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुलेआम चुनौती देते हुए कहा कि अगर वे माजलगाव आए तो उन्हें वहीं दफना दिया जाएगा. यह बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, 'आई लव मोहम्मद' कार्यक्रम के दौरान मौलवी ने कहा, मैं सीएम योगी को माजलगाव शहर से मुस्तफा मस्जिद के सामने से ये चैलेंज करता हूं. तेरे में इतनी हिम्मत है तो माजलगाव में 'आई लव' बैनर लगाने वाले को तू गिरफ्तार करेगा तो कसम खुदा कि यहां तुझे दफना दिया जाएगा. उन्होंने योगी आदित्यनाथ को 'अपशब्द' कहकर संबोधित किया, जिससे माहौल और भड़क गया.

## बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार मिले

### पीएम ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की, राज्य की 22% महिला वोटर्स को फायदा



**पटना.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। शुक्रवार को 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की। 2020 के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में महिला वोटर्स की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को आज शुरू हुई योजना का फायदा मिलेगा। जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, 'अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाए होते तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते। आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वो पूरे आपके खाते में जमा होंगे।



कोई एक पैसा नहीं मार सकता है। पहले योजना का पैसा आप तक पहुंचने से पहले लूट जाता था। एक भाई तब ही खुश होता है, जब उसकी बहन स्वस्थ हो, परिवार खुश हो। आज आपके दो भाई नरेंद्र और नीतीश मिलकर बहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा, 'आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वो दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी। अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी। राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था।

आज जब नीतीश जी के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है तो सबसे ज्यादा राहत महिलाओं ने महसूस की है। आज बेटियां बेखौफ होकर घर से निकलती हैं। ये लिखकर रखिए कि बिहार को अब फिर कभी उस अंधेरे में नहीं जाने देना है।' भोजपुर की रीता देवी की बातें सुनकर प्रधानमंत्री मुस्कुरा दिए। उन्होंने कहा, आप कितनी जल्दी-जल्दी बोलती हैं। आपने तो इतनी सारी योजनाएं गिनवा दीं। पीएम ने हाथ जोड़कर रीता देवी का अभिवादन किया। गयाजी के नूर जहां खातून की बातें सुनकर पीएम ने कहा, आपने बढ़िया तरीके से बताता। मेरा एक काम करेंगी। आप हफ्ते में 50 दीदी को इकट्ठा कर के अपनी बातों को समझाइए। उन लोगों को इससे प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी ऑनलाइन जुड़े थे। उन्होंने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा, 'बिहार में पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। 24 नवंबर 2005 से जब से एनडीए की सरकार बनी हम काम में लगे हैं। अब बिहार में कानून का राज है। हमने शुरू से महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।' नीतीश ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, 'ये तो हट गया था 7 साल के बाद तो पत्नी को बना दिया सीएम। इससे पहले कोई ऐसा किया था। वो केवल अपने परिवार को देखते हैं। हमलोग जनता के लिए काम करते हैं। हमने बिहार के विकास के लिए काम किया है।'



# ट्रंप के टैरिफ से दवा कंपनियों को भारी झटका

## > चंद घंटों में 74 करोड़ स्वाहा

**नई दिल्ली.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ब्रांडेड और पेटेंटेड फार्मा इंपोर्ट पर 100 फीसदी लगा दिया. जिसके बाद एक बार फिर से भारत का फार्मा सेक्टर और उसकी ओर से अमेरिका को किए जाने वाला एक्सपोर्ट फिर से सुर्खियों में आ गया है. नए अमेरिकी टैरिफ 1 अक्टूबर से लागू होंगे। शुक्रवार को जैसे ही शेयर बाजार खुले तो फार्मा इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा टूट गया. देश की कुल 119 फार्मा कंपनियों में से 112 कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है. सुबह के सत्र में ये आंकड़ा और भी ज्यादा बड़ा था. जिसकी वजह से फार्मा सेक्टर की वैल्यूएशन में कारोबारी सत्र के दौरान 74 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है. शेयर बाजार में डिविस लैब से लेकर सनफार्मा, डॉ रेड्डीज आदि शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है.



इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर घोषणा की थी कि 1 अक्टूबर से, हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंटेड दवा प्रोडक्ट पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएंगे. अगर कोई अमेरिका में अपना प्लांट लगाए हुए या फिर लगा रही है तो उस पर कोई टैरिफ लागू नहीं होगा. न तो उन्होंने और न ही व्हाइट हाउस ने अभी तक इस बारे में कोई स्पष्टीकरण दिया है कि ये टैरिफ कैसे लागू होंगे। आइए इस फैसले के बाद शेयर बाजार में फार्मा स्टॉक्स किस तरह से धराशाई हुए हैं, आइए समझने की कोशिश करते हैं.

भले देश की टॉप 10 फार्मा कंपनियों के मार्केट कैप से कुछ हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ हो, लेकिन कुल फार्मा सेक्टर को 74 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है. आंकड़ों पर बात करें तो बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स का कुल मार्केट कैप गुरुवार को 29,51,033.05 करोड़ रुपए देखने को मिला था, जो कि शुक्रवार को कारोबारी सत्र के दौरान 28,76,843.27 करोड़ रुपए पर आ गया. इसका मतलब है कि देश के फार्मा सेक्टर को 74,189.78 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ.

### अमेरिका को भारत का फार्मा एक्सपोर्ट

फार्मा एक्सपोर्ट के लिहाज से अमेरिका भारत के लिए एक बड़ा बाजार है. भारत के अमेरिका को कुल एक्सपोर्ट में फार्मा का अहम योगदान रहता है. साथ ही भारत दुनिया के बाकी देशों में भी फार्मा एक्सपोर्ट में काफी आगे है. भारत का सालना फार्मा एक्सपोर्ट वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 30 अरब डॉलर तक पहुंच गया. खास बात तो ये है कि मार्च में एक्सपोर्ट में 31 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली थी.

# स्कोडा ओक्टाविया की भारत में फिर हो रही वापसी

**नई दिल्ली.**

स्कोडा ऑटो इंडिया एक बार फिर से अपनी प्रीमियम सेडान ऑक्टेविया की भारत में वापसी करने जा रही है। प्रीमियम सेडान ऑक्टेविया आगामी 6 अक्टूबर को लॉन्च होगी और इसकी पहली डिलीवरी 6 नवंबर से शुरू हो जाएगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा कि कंपनी जीएसआर 870 नियम के तहत चेक गणराज्य में बनी ओक्टाविआ आरएस को भारत में लाएगी। बिजनेस स्टैंडर्ड की खबर के मुताबिक, इस नियम के तहत एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 2,500 गाड़ियों का आयात किया जा सकता है और इसके लिए यूके या जापान की होमोलॉगेशन आवश्यक होती है। कंपनी ने 2025 के लिए केवल 100 यूनिट्स का कोटा निर्धारित किया है, जो इसे भारत में एक बेहद एक्सक्लूसिव पेशकश बनाता है।





कंपनी का कहना है कि फिलहाल यह कार आयात के जरिए बेची जाएगी, लेकिन भविष्य में स्थानीय असेम्बली की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा। 2026 के लिए आयात योजनाओं का खुलासा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ओक्टाविया आरएस एक ऐसा सेगमेंट भरने जा रही है, जो फिलहाल भारत की सेडान मार्केट में अनुपस्थित है। ओक्टाविया की शुरुआत भारत में 2004 में हुई थी और 2023 तक इसका चौथी पीढ़ी का वर्जन लोकली असेंबल होता रहा, लेकिन बीएस6-II एमिशन नॉर्म्स लागू होने के बाद इसे बंद कर दिया गया। अभी भी भारत की सड़कों पर लगभग 1 लाख ओक्टाविया कारें चल रही हैं।

प्रीमियम सेडान ऑक्टेविया की भारत में कीमत की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन यह निश्चित रूप से अधिक होगी क्योंकि यह सीबीयू रूट से आ रही है। बिजनेस स्टैंडर्ड की खबर के मुताबिक, एक उदाहरण से अगर अंदाजा लगाना हो तो ऐसे लगा सकते हैं कि ब्रिटेन में इसकी कीमत 39,965 (करीब 47.7 लाख) है। ऑक्टेविया आरएस की यह वापसी ऐसे समय में हो रही है जब स्कोडा भारत में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज कर रही है। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच स्कोडा की कुल बिक्री में लगभग 135% की भारी वृद्धि हुई है।

# सैमसंग फोन के लिए फेस्टिव ऑफर, ए56 और ए36 के नए रंग

**नई दिल्ली.**

इस फेस्टिव सीज़न सैमसंग ला रहा है गैलेक् सी ए सीरीज स्मार्टफोन्स पर अब तक के सबसे बेहतरीन ऑफ़र्स, जो सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले एआई इनोवेशंस को और ज्यादा सुलभ बना रहा है। गैलेक्सी ए सीरीज स्मार्टफोन्स अब मिलेंगे ट्रिपल ज़ीरो लिमिटेड पीरियड फेस्टिव ऑफ़र के साथ ज़ीरो डाउन पेमेंट, ज़ीरो इंटरेस्ट और ज़ीरो झंझट




भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने इस त्योहारी सीज़न में अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन्स गैलेक्सी ए56 5जी और गैलेक्सी ए56 5जी के लिए नए, युवाओं को पसंद आने वाले रंग पेश किए हैं। गैलेक्सी ए56 5जी अब ऑसम पिंक में और गैलेक्सी ए56 5जी ऑसम लाइम में उपलब्ध होगा।

सैमसंग ने उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी ए सीरीज़ स्मार्टफोन्स पर अब तक के सबसे आकर्षक ऑफ़र्स की भी घोषणा की है। सीमित समय के लिए ग्राहक गैलेक्सी ए56 5जी और गैलेक्सी ए56 5जी को ज़ीरो डाउन पेमेंट, ज़ीरो ब्याज और बिना किसी झंझट के ऑफ़र के साथ खरीद सकते हैं। यह पहल सैमसंग के उस विज़न को आगे बढ़ाती है, जिसमें कंपनी अपने फ्लैगशिप डिवाइस के लोकप्रिय एआई इनोवेशन्स को और अधिक सुलभ बना रही है। करना संभव होता है। इसमें 50 मेगापिक्सल ओएलएस मेन कैमरा, 12 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड, 5 मेगापिक्सल मैक्रो और 12 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा शामिल हैं, जो हर परिस्थिति में शार्प और स्टेबल शॉट्स देते हैं। यह स्मार्टफोन एडवांस्ड 4 एनएम-बेस्ड एक्सीनोज़ 1580 प्रोसेसर पर चलता है, जिसमें बेहतर कूलिंग सिस्टम, 12जीबी तक रैम और 256जीबी तक स्टोरेज की सुविधा है, जिससे मल्टी टास्किंग, स्ट्रीमिंग और गेमिंग का अनुभव बेहद स्मूद हो जाता है। इसमें 6.7 इंच का एफएचडी+ सुपर अमोलेड डिस्प्ले है, जो 1200 निट विज़न बूस्टर के साथ किसी भी रोशनी में ब्राइट और इमर्सिव व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है।

गैलेक्सी ए36 5जी भी स्टाइल और परफ़ॉर्मेंस का संतुलित मेल है। यह मॉडल 50 मेगापिक्सल ओएलएक्स कैमरा और आधुनिक फीचर्स के साथ युवाओं के लिए एक भरोसेमंद विकल्प है। ऑसम लाइम जैसे नए रंग इसे और आकर्षक बनाते हैं।

# डीएसपी ने लॉन्च किया फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इटीएफ

**मुंबई.**

डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नए फंड, डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 ईटीएफ, के लॉन्च की आज महत्वपुर्ण घोषणा की है। यह फंड भारत का पहला फ्लेक्सीकैप एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) है। यह फंड ईटीएफ निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 टीआरआई इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह इंडेक्स एक अनूठा बेंचमार्क है और यह ईटीएफ फंड केवल गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में गतिशील रूप से निवेश करेगा भारतीय शेयर बाजार में अक्सर रुझान के अनुसार लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। इस रुझान में, लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियाँ चरणों में शानदार प्रदर्शन करती हैं। लेकिन ज़्यादातर निवेशकों के लिए यह तय करना बहुत मुश्किल होता है कि किन शेयरों में निवेश करें, कितना निवेश करें और कब अपना निवेश शेयरों से हटाएँ। साथ ही, यह बहुत महंगा भी होता है। ईटीएफ फंड इस जटिलता को आसानी से दूर कर देते हैं। जब मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयर तेज़ी से आगे बढ़ रहे होते हैं, तो फ्लेक्सीकैप ईटीएफ फंड इन शेयरों में अपने निवेश को बेहद पारदर्शी तरीके से और नियमों के दायरे में खुद ह खुद ही बढ़ा देते हैं। जब ये शेयर अपने शिखर पर पहुँच जाते हैं, तो इन शेयरों में किया गया निवेश वापस लेकर लार्ज-कैप शेयरों में निवेश कर दिया जाता है।

# दुनिया डूबी कर्ज के महासागर में

## > हर व्यक्ति पर 36 लाख का कर्ज बोझ

**नई दिल्ली.**

पूरी दुनिया कर्ज के बारूद पर बैठी है. अगर इस कर्ज को दुनिया के हर एक शख्स में बराबर बांट दिया जाए तो 36 लाख रुपए चुकाने होंगे. हाल ही में एक तिमाही रिपोर्ट जारी हुई है. इस रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही के अंत में ग्लोबल कर्ज 337.7 ट्रिलियन डॉलर यानी 30 हजार लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया. रिपोर्ट के अनुसार ये कर्ज ग्लोबली फाइनेंशियल कंडीशन में सुधार होने, अमेरिकी डॉलर में नरमी और दुनिया के तमाम सेंट्रल बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती करने से बढ़ा है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर रिपोर्ट में दुनिया के कर्ज को लेकर किस तरह की जानकारी दी गई है.




इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष की पहली छमाही में ग्लोबल डेट 21 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बढ़कर 337.7 ट्रिलियन डॉलर हो गया. अगर इसे भारतीय रुपए में देखें तो 30 हजार लाख करोड़ रुपए होगा. आईआईएफ की रिपोर्ट के अनुसार चीन, फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और जापान में डेट लेवल में सबसे अधिक इजाफा देखने को मिला है. ये कर्ज डॉलर में परिभाषित है, ऐसे में इस कर्ज का कुछ हिस्सा डॉलर के कमजोर होने के कारण बढ़ा है. वर्ष की शुरुआत से अब डॉलर इंडेक्स में करीब 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है. .

दुनिया पर मौजूदा समय में कर्ज 30 हजार लाख करोड़ यानी 338 ट्रिलियन डॉलर है. जबकि दुनिया की आबादी 8,248,722,041 को पार कर गई है. अगर इस कर्ज को बराबर बांट दिया जाए तो दुनिया का हरेक शख्स पर 36.34 लाख रुपए का कर्ज हो जाएगा. ऐसे में आप समझ सकते हैं कि दुनिया का कर्ज कितना बढ़ गया है. अगर इसे जल्द ही कंट्रोल नहीं किया गया तो दुनिया की अधिकतर इकोनॉमी धराशाई होती चली जाएंगी.

### कोविड ऐरा के बराबर पर ग्लोबल डेट ग्रोथ

आईआईएफ ने अपने ग्लोबल डेट मॉनिटर में कहा कि इस इजाफे का पैमाना 2020 की दूसरी छमाही में देखी गई वृद्धि के बराबर था, जब महामारी से उबरने के लिए फैसलों की वजह से ग्लोबल कर्ज में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला था. कर्ज से जीडीपी रेश्यो – जो उत्पादन की तुलना में लोन चुकाने की क्षमता का एक इंडिकेटर है – पर गौर करें तो कनाडा, चीन, सऊदी अरब और पोलैंड में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिला. रिपोर्ट में पाया गया कि आयरलैंड, जापान और नॉर्वे में यह रेश्यो कम हुआ.

# जेन जेड ने बढ़ाई टैक्स फ्री शराब की बिक्री

**नई दिल्ली.**

चाहे वो केंद्र हो या फिर राज्य सरकार, शराब की बिक्री से काफी मोटी कमाई होती है. इसका कारण भी है. दोनों ही जगहों से शराब पर मोटा टैक्स लगता है. उसके बाद भी शराब की ब्रिकी में कोई कमी देखने को नहीं मिली है. लेकिन देशभर में एक ऐसी जगह भी है, जहां शराब पर एक भी रुपया टैक्स नहीं लगता है. जिसकी वजह से वहां पर शराब की बिक्री का नया रिकॉर्ड बन गया हे. वास्तव में भारतीय एयरपोर्ट से सिर्फ पैसेंजर्स ही उड़ान नहीं भर रहे हैं. बल्कि शराब के ब्रांड भी तेजी से बिक रहे हैं. आईडब्ल्यूएसआर ड्रिंक्स मार्केट एनालिसिस के अनुसार, भारत के ड्यूटी-फ्री और ट्रैवल रिटेल वॉल्यूम में 2024 में देश के डॉमेस्टिक बेवरेज सेक्टर की तुलना में 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्थानीय दुकानों में यह इजाफा सिर्फ 6 फीसदी का देखने को मिला है. व्हिस्की, जिसकी सेल्स में तीन-चौथाई हिस्सेदारी थी, में 12 फीसदी का ग्रोथ देखने को मिला है, जबकि जबकि भारतीय घरेलू बाजार में





इस कैटेगरिटी के प्रदर्शन में 8 फीसदी की गिरावट आई. आईडब्ल्यूएसआर में जीटीआर की सीनियर इनसाइट मैनेजर, चार्लोट रीड ने कहा कि अगले 5 सालों में भारतीय पैसेंजर्स की संख्या में 50 फीसदी की ग्रोथ और वेवरेज अल्कोहल की बिक्री में तेज़ी से वृद्धि की उम्मीद है. जिसकी वजह से भारतीय पैसेंजर्स ग्लोबल ट्रैवल रिटेल (जीटीआर) की भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगे. यह ऐसे समय में हो रहा है जब जीटीआर बेवरेज कंपनियों के लिए एक गोथ इंजन बनता जा रहा है. खास बात तो ये है कि मौजूदा समय में अल्कोहल इंडस्ट्री स्थिर बिक्री का सामना कर रही है. जबकि ग्लोबल कुल बेसवरेज अल्कोहल (टीबीए) की खपत 2024 और 2029 के बीच स्थिर रहने की उम्मीद है. आईडब्ल्यूएसआर को उम्मीद है कि जीटीआर की मात्रा 3 फीसदी और एशिया में 4 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिलेगी.


# फेस्टिव सीजन में बनेगा रोजगार का मौका


**नई दिल्ली.**

भारत में इस साल का त्योहारी सीजन न केवल उपभोक्ताओं के लिए खास रहेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसरों के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। ग्लोबल टेक्नोलॉजी और डिजिटल टैलेंट सॉल्यूशंस प्रदाता एनएलबी सर्विसेज या एनएलबी सर्विसेज के मुताबिक, त्योहारी सीजन 2025 के दौरान देशभर में लगभग 2 लाख नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, कंपनी के सीईओ सचिन आलूग का कहना है कि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 20-25 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि का प्रमुख कारण क्विक कॉमर्स और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स सेक्टरों में तेज़ी से हो रहा निवेश है, खासकर सप्लाई चेन और लास्ट-माइल डिलीवरी नेटवर्क के विस्तार में। आलूग ने बताया कि इस वर्ष होने वाली कुल भर्तियों में से 70 प्रतिशत नौकरियां गिग या अस्थायी होंगी, जबकि 30 प्रतिशत पद स्थायी होंगे। यह दर्शाता है कि कंपनियां अब ब्लेंडेड वर्कफोर्स मॉडल अपना रही हैं, जिसमें लचीलापन और दक्षता का संतुलन बना रहे। महत्वपूर्ण बात यह है कि ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी सीजन के बाद भी करीब 26% कर्मचारियों को बनाए रखने की योजना बना रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि त्योहारी भर्ती अब केवल मौसमी नहीं रह गई है, बल्कि यह एक ढांचागत बदलाव का हिस्सा बन रही है। पहले जहां 70-75% गिग वर्कर्स को सीजन के बाद हटा दिया जाता था, वहीं अब मांग स्थिर होती दिखाई दे रही है। इस बार भुवनेश्वर, कोच्चि, इंदौर, सूरत और नागपुर जैसे शहरों में गिग वर्कफोर्स की मांग में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है। ये शहर अब माइक्रो-फुलफिलमेंट हब्स के रूप में उभर रहे हैं और तेजी से रिटेल और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए लॉजिस्टिक्स सपोर्ट का केंद्र बनते जा रहे हैं। एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष की तुलना में एफवाय26 में टियर-2 शहरों का गिग हायरिंग में योगदान 47% से बढ़कर 50% तक पहुंच सकता है।




# सीबीडीटी ने बढ़ाई टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की समय सीमा

**नई दिल्ली.**

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट भरने की समय सीमा बढ़ा दी है. अब टैक्सपेयर्स और ऑडिटर्स को यह रिपोर्ट 31 अक्टूबर 2025 तक दाखिल करने की मोहलत मिल गई है. इससे पहले आखिरी तारीख 30 सितंबर 2025 तय की गई थी. लेकिन ऑडिटर्स और प्रोफेशनल संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) ने यह राहत दी है. इस फैसले से लाखों टैक्सपेयर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बड़ी राहत मिलेगी, जो कम समय में ऑडिट प्रक्रिया पूरी करने की चुनौती से जूझ रहे थे. सरकार ने इससे पहले आईटीआर दाखिल करने की डेडलाइन 15 सितंबर 2025




तय की थी. इसके चलते टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने के लिए ऑडिटर्स को केवल 15 दिन का समय मिला था. टैक्स कानून के तहत कई कंपनियों, ट्रस्ट्स और व्यापारिक संस्थाओं को हर साल 30 सितंबर तक ऑडिट रिपोर्ट जमा करनी होती है. लेकिन इस साल समय की कमी और कई क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदाओं के चलते तय समय में रिपोर्ट तैयार कर पाना मुश्किल साबित हो रहा था. देशभर में हर साल करीब 40 लाख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स दाखिल होती हैं, लेकिन 23 सितंबर 2025 तक केवल 4 लाख रिपोर्ट ही जमा हो सकी थीं. ऐसे में बाकी 36 लाख रिपोर्ट्स को महज कुछ दिनों में फाइल करना व्यावहारिक रूप से असंभव था. सीबीडीटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पूरी तरह से सक्रिय है और बिना किसी तकनीकी बाधा के काम कर रहा है. बोर्ड के अनुसार, 24 सितंबर 2025 तक 4.02 लाख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स सफलतापूर्वक अपलोड की जा चुकी थीं. अकेले 24 सितंबर को ही 60,000 से ज्यादा रिपोर्ट्स दाखिल की गईं. इसके अलावा, 23 सितंबर 2025 तक 7.57 करोड़ से अधिक इनकम टैक्स रिटर्न भी फाइल हो चुके हैं. इस आंकड़े से साफ है कि टैक्सपेयर्स ई-फाइलिंग पोर्टल का सक्रिय उपयोग कर रहे हैं और रिपोर्ट्स भरने की प्रक्रिया तेजी से जारी है.

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

## सुविचार

कोई भी इंसान जन्म से नहीं बल्कि,
अपने कर्म से महान बनता है।

## संपादकीय

# नवरात्रि व्रत भूल से टूट जाए तो क्या करें?

नवरात्रि का व्रत श्रद्धा और आस्था का पर्व होता है. मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए भक्त नौ दिनों तक उपवास और नियमों का पालन करते हैं. लेकिन कई बार भूलवश या परिस्थितियों वश व्रत टूट जाता है. ऐसे में लोग डर और अपराधबोध में आ जाते हैं. शास्त्रों में कहा गया है कि व्रत का महत्व केवल भोजन न करने में नहीं, बल्कि मां दुर्गा के प्रति भाव और भक्ति में है. इसलिए अगर अनजाने में व्रत टूट जाए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है.

मां दुर्गा से क्षमा याचना करें अगर भूलवश व्रत टूट गया है तो सबसे पहले मां दुर्गा से क्षमा मांगें और सच्चे मन से प्रार्थना करें.मंत्र जाप करें दुर्गा सप्तशती या "ॐ दूं दुर्गायै नमः मंत्र का 108 बार जप करें.इससे व्रत का दोष कम होता है. दान करें नवरात्रि के पावन दिनों में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र या अन्न का दान करें. फलाहार से व्रत जारी रखें यदि व्रत भूल से टूट गया हो तो शेष दिन आप फलाहार से मां दुर्गा की पूजा जारी रख सकते हैं.हवन या पाठ करें दुर्गा चालीसा या दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से व्रत भंग का दोष समाप्त हो जाता है.अगले दिन नियम से उपवास कुछ लोग भूल से व्रत टूटने पर अगले दिन सख्ती से उपवास करते हैं. यह भी एक उपाय है.शास्त्रों में कहा गया है कि व्रत का महत्व भक्ति और भावनाओं में है. यदि जानबूझकर लापरवाही की जाए तो यह पाप माना जाता है. लेकिन यदि अनजाने में व्रत टूट जाए तो मां दुर्गा क्षमा कर देती हैं, बशर्ते आप सच्चे मन से पश्चाताप करें और उनका स्मरण करते रहें.

**विशेष उपाय:** नवरात्रि के शेष दिनों में रोजाना मां दुर्गा को लाल फूल अर्पित करें. जरूरतमंद कन्याओं को भोजन कराएं और उन्हें उपहार दें. दुर्गा मंदिर में नारियल या मिठाई चढ़ाकर प्रार्थना करें.

# कात्यायनी माता: शक्ति, भक्ति और विजय का प्रतीक



नवरात्रि के छठे दिन श्रद्धालु विशेष उत्साह और आस्था के साथ मां दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना करते हैं। इनका स्वरूप शक्ति, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक माना गया है। पुराणों के अनुसार, जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म संकट में पड़ता है, तब-तब देवी का कोई न कोई स्वरूप प्रकट होकर सत्य और न्याय की रक्षा करता है। माता कात्यायनी की कथा भी इसी संदेश को दृढ़ करती है। प्राचीन काल में महिषासुर नामक असुर ने घोर तपस्या करके भगवान ब्रह्मा से अमरत्व का वरदान माँगा। उसने इच्छा रखी थी कि कोई देव, दानव या पुरुष उसे न मार सके। वरदान प्राप्त होते ही महिषासुर ने तीनों लोकों में आतंक फैलाना शुरू कर दिया। देवता भी उससे भयभीत होकर छिपने लगे। देवताओं की प्रार्थना पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने अपनी-अपनी शक्तियों का संयोग किया। उनके तेज से एक अद्भुत ज्योति प्रकट हुई। इस दिव्य तेज से एक देवी प्रकट हुईं, जिनका सौंदर्य और शक्ति अनुपम थी। ऋषि कात्यायन ने तपस्या के बल पर इन देवी को अपनी पुत्री रूप में प्राप्त किया। इसलिए इन्हें कात्यायनी माता कहा जाता है। यही देवी आगे चलकर महिषासुर के वध हेतु युद्धभूमि में उतरीं। सिंह पर आरूढ़ होकर देवी ने महिषासुर से भयंकर संग्राम किया और अंततः उसका वध कर देवताओं और पृथ्वीवासियों को आतंक से मुक्त कराया। इसीलिए इन्हें असुर विनाशिनी भी कहा जाता है। माता कात्यायनी का वर्ण सुनहरी और तेजस्वी बताया गया है। उनके चार हाथ हैं। उनका वाहन सिंह है, जो साहस और पराक्रम का प्रतीक है। यह स्वरूप इस बात का संकेत देता है कि भक्तों की रक्षा करते हुए माता सदैव अन्याय और अधर्म का नाश करती हैं। नवरात्रि का छठा दिन विवाह योग्य कन्याओं के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। मान्यता है कि माता कात्यायनी की पूजा करने से विवाह संबंधी बाधाए दूर होती हैं और योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति होती है। ब्रज की गोपिकाए भी श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए कात्यायनी माता की आराधना करती थीं। यह परंपरा इस विश्वास को और मजबूत बनाती है कि माता कात्यायनी सम्पूर्ण कामनाओं को पूर्ण करने वाली देवी हैं। माता की प्रतिमा या चित्र को गंगाजल से शुद्ध कर सजाया जाता है। गुलाबी कमल, लाल पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किए जाते हैं।

मंत्र 'ॐ देवी कात्यायन्यै नमः' का जप कर माता का ध्यान किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन 'आज्ञा चक्र' पर ध्यान केंद्रित करने से साधक को आत्मज्ञान और अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। कात्यायनी माता की कथा केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि समाज को यह गहरा संदेश देती है कि जब भी अधर्म बढ़ेगा और निर्दोषों पर अत्याचार होगा, तब शक्ति अवश्य प्रकट होगी और धर्म की रक्षा करेगी। यह भी विश्वास है कि माता कात्यायनी की कृपा से भक्त के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और विजय का संचार होता है। जीवन की कठिनाइयों और संकटों से लड़ने की शक्ति मिलती है। ग्रामीण भारत में कात्यायनी माता को विवाह की देवी माना जाता है। वहीं साधक और योगी उनकी उपासना करके आत्मज्ञान की प्राप्ति का मार्ग खोजते हैं। भारतीय साहित्य, कला और भक्ति परंपरा में कात्यायनी माता के स्वरूप का विशेष वर्णन मिलता है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों और घरों में जब छठे दिन माता कात्यायनी का पूजन होता है, तो वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा और भक्ति का संचार होता है। यह दिन हर श्रद्धालु को यह याद दिलाता है कि अधर्म चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, धर्म और सत्य की विजय निश्चित है। कात्यायनी मां की कथा और पूजा न केवल धार्मिक आस्था का विषय है बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला संदेश भी है। वे हमें यह प्रेरणा देती हैं कि साहस और भक्ति के साथ यदि हम अधर्म और अन्याय का सामना करें, तो विजय निश्चित है।

## आस्था

# नवमी पर करें सही तरीके से कन्यापूजन

## > पाएं देवी का आशीर्वाद



नवरात्रि के नौ पावन दिनों का समापन महानवमी की तिथि पर होता है. यह दिन अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना गया है, जिस दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की आराधना की जाती है. इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि 1 अक्टूबर (बुधवार) को पड़ रही है. इस विशेष दिन पर भक्तजन उपवास, हवन और विशेष रूप से कन्यापूजन का आयोजन करते हैं. धार्मिक परंपरा के अनुसार, छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा करने से देवी मां शीघ्र प्रसन्न होती हैं और भक्त के जीवन में सुख, समृद्धि तथा सिद्धियों की प्राप्ति होती है. यह नारी शक्ति और मासूम बाल्य स्वरूप के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर और महत्वपूर्ण अवसर भी है. नवमी तिथि को नवरात्रि का अंतिम और बहुत ही शक्तिशाली दिन माना गया है. इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है. मां सिद्धिदात्री को सभी सिद्धियों की दात्री कहा गया है, जो भक्तों को ज्ञान, शक्ति और आत्मबल प्रदान करती हैं.

नवमी पर कन्या पूजन करने से भक्तों को संपूर्णता, सिद्धि और दिव्य संरक्षण की प्राप्ति होती है. यह पूजन जीवन में आध्यात्मिक उन्नति और परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त करता है. नवमी तिथि का कन्यापूजन शुभ मुहूर्त: ब्रह्म मुहूर्त: सुबह 4 बजकर 53 मिनट बजे से प्रातः 6:12 बजे तक रहेगा. कन्यापूजन मुहूर्त: सुबह 8 बजकर 10 मिनट से दोपहर 9 बजकर 58 मिनट तक रहेगा.

## वास्तुशास्त्र

# मुख्य द्वार पर पानी रखें घर से नकारात्मक ऊर्जा होगी दूर




किसी भी काम को हमें मेहनत से तो करना चाहिए, मगर कभी कभार मेहनत के बाद भी फल की प्राप्ति नहीं होती, इसकी एक वजह गलत वस्तु भी हो सकता है. इसकी वजह से घर में नकरात्मकता आती है, जिससे आप हमेशा परेशान रहेंगे और कोई भी काम वक्त पर नहीं हो पाएगा. मगर वास्तु शास्त्र में इन परेशानियों से छुटकारा पाने के कुछ तरीके बताए गए है. वास्तु शास्त्र के अनुसार अपने घर के मुख्य द्वार पर पानी से भरे बर्तन को रख दें. यह करना लाभकारी माना गया है. यह उपाय करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और बुरी शक्तियां दूर होती हैं.

चलिए ऐसे में जनता है कि घर के दरवाजे पर पानी का बर्तन रखने के क्या नियम हैं? वास्तु शास्त्र में पानी को बेहद पवित्र माना गया है. जिस प्रकार विज्ञान में पानी को विशेष माना जाता है, उसी तरह वास्तु में भी पानी को शुभ माना जाता है. मान्यता के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर पानी से भरा बर्तन को रखने से नकारात्मक ऊर्जा अंदर प्रवेश नहीं कर पातीं और परिवार के सदस्यों पर किसी प्रकार का बुरा असर भी नहीं होता. यह उपाय घर के वातावरण को शांत और सकारात्मक बनाता है. साथ ही यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है.

मुख्य द्वार पर रखा हुआ पानी से भरा बर्तन केवल वास्तु उपाय ही नहीं, बल्कि आतिथ्य के स्वागत का भी प्रतीक है. जब मेहमान घर में प्रवेश करते हैं, तो यह दृश्य उन्हें स्वागत और सम्मान का अनुभव कराता है. इस छोटे से उपाय को करने से घर का वातावरण और भी सुखद और शुभ हो जाता है.

## फैशन

# नवरात्रि पर प्यारी बिटिया को पहनाएं लहंगा-चोली



नवरात्रि में होने वाली गरबा नाइट के लिए अपनी नन्ही परी को आप ये बांधनी प्रिंट का लंहगा चोली पहना सकती हैं. लहंगा में बांधनी प्रिंट हुआ है और चोली में शंख, मिरर और थ्रेड वर्क का काम है. ये लाइटवेट लहंगा आपकी बेटी के लिए एक बढ़िया ऑप्शन है. लहंगे का ये डिजाइन भी काफी सिंपल और एलिगेंट लग रहा है. इसका फैब्रिक भी लाइट है और प्रिंट भी बहुत ही खूबसूरत लग रहा है. रेड और पिस्ता कलर का कॉम्बिनेशन बेहद प्यारा है. आपकी लाडली इसे पहन किसी परी से कम नहीं लगेगी. अगर आपकी बेटी को सिंडरेला बहुत पसंद है तो ये लहंगा एक दम परफेक्ट रहेगा. इसे केनकेन के साथ बनाया गया है, जिसमें कलियां लगी हैं और सीक्वेंस-बीट्स का वर्क है. लहंगे के साथ कटवर्क की चोली है, जो इसे स्टाइलिश बना रही है. लहंगा और पेलपल कुर्ती भी आज कल काफी ट्रेंड में है. आप अपनी बेटी को भी इस तरह का आउटफिट पहना सकती हैं. ये लहंगा डिजाइन बिल्कुल परफेक्ट है. सैटिन सिल्क और जॉर्जेट से बने इस लहंगा और पेलपल टॉप को पहन बच्ची कंफर्टेबल भी रहेगी और काफी प्यारी भी लगेगी. नवरात्रि में पहनने के लिए ये डिजाइन भी काफी बढ़िया है. रेयॉन और कॉटन मिक्स इस लहंगे-चोली में गमथी डिजाइन और वर्क किया है. इसके साथ कॉटन का दुपट्टा है, जिसे बच्ची अच्छे से कैरी भी कर सकेगी. इस लहंगे को भी आप चुन सकते हैं. तुषार सिल्क का ये लहंगा भी फेस्टिवल में पहनने के लिए बढ़िया है. आप इसे अपनी लाडली के लिए खरीद सकती हैं. इस लहंगे में फाइल वर्क हुआ है और इसका फ्लोरल प्रिंट एलिगेंट बना रहा है. इस लहंगे के साथ स्ट्रैपी चोली दी गई है.

## होम टिप्स

# प्याज काटना होगा आसान अपनाएं ये तरीका



प्याज को काटते समय आंखों से बिना रुके आंसू गिरना एक आम समस्या है. कई बार तो इतने आंसू आ जाते हैं कि किचन में खाना बनाना भी मुश्किल हो जाता है. लेकिन कुछ असरदार उपाय अपनाकर आप प्याज काटते समय आंखों से रोना पूरी तरह रोक सकते हैं.प्याज को काटने से पहले फ्रिज में 10 मिनट रखने से उसमें मौजूद रासायनिक तत्व कम सक्रिय होते हैं. इससे आंखों में जलन कम होती है और रोना नहीं आता. धार वाला चाकू इस्तेमाल करें: धार वाला चाकू इस्तेमाल करने से प्याज के सेल्स कम टूटते हैं. इससे ल्यूटिन और सल्फर गैस कम निकलती है और आंखों में आंसू नहीं आते. काटते समय हवा का ध्यान रखें: प्याज काटते समय किचन में वेंटिलेशन या पंखा ऑन करें. हवा के बहाव से सल्फर गैस दूर हो जाती है और आंखों में जलन नहीं होती. काटने से पहले आंखों को हल्का पानी लगाना या ठंडे पानी में भिगोना भी मदद करता है. इससे आंखों की सतह पर एक परत बन जाती है और आंसू नहीं आते. प्याज को पूरे की बजाय आधा काटकर और फिर टुकड़े करें. इससे सल्फर गैस कम निकलती है और आंखों में जलन नहीं होती. साधारण सुरक्षा चश्मा या किचन ग्लासेस पहनकर काटें. यह आंखों को गैस से बचाता है और रोने से रोकता है.

## धर्म

# इन 5 में से कोई भी वस्तु लाएं

## > नवमी पर मिलेगा शुभ फल




मां दुर्गा की उपासना को समर्पित शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व अब समापन की ओर है। मान्यता है कि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर नवरात्रि का समापन होता है और इसके अगले दिन दशहरा मनाया जाता है। इस वर्ष 1 अक्तूबर 2025, बुधवार को महानवमी मनाई जाएगी। इस दिन घरों में कन्या पूजन का विधान है। मान्यता है कि नवमी तिथि पर कन्या भोज कराने से मां दुर्गा की अपार कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-समृद्धि वास करती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक नवमी तिथि पर श्रृंगार की सामग्री घर लाने से वैवाहिक जीवन में सुखमय बनता है। साथ ही रिश्तों में प्रेम बना रहता है।महानवमी के दिन घर में चांदी का सिक्का खरीद के पूजा स्थल या तिजोरी में रखना भी शुभ होता है। इसके प्रभाव से बरकत और धन वृद्धि के योग बनते हैं। आप नवमी के दिन घर में मोर पंख भी ला सकते हैं। इससे माता रानी प्रसन्न होती है और सभी इच्छाएं पूरी करती हैं। हालांकि, यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को भी बढ़ाता है। महानवमी के दिन आप किसी वाहन को भी घर ला सकते हैं। यह शुभ होता है और व्यक्ति सभी नकारात्मकताओं से दूर होता है।

## हस्तरेखाएं

# हथेली की ये रेखा देती है भाग्य का साथ

हाथ की लकीरों को देखकर ही पता लग जाता है कि सामने वाले शख्स की किस्मत में क्या-क्या है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली में कई ऐसी लकीरें होती हैं जो किसी भी शख्स को रातों रात सफलता का स्वाद चखा सकती हैं। तो वहीं कुछ लकीरों को देखकर पता चल जाता है कि किस्मत में क्या-क्या चीजें आसानी से नहीं मिलने वाली हैं। आज बात करेंगे हथेली में मौजूद सूर्य रेखा की। इस रेखा के चलते लोगों को कम मेहनत करके भी काफी कुछ हासिल हो जाता है। सूर्य रेखा इस इस बात का संकेत देती है कि जिनके हाथ में ये स्पस्ट रूप में मौजूद हो तो उनकी किस्मत कभी उनका साथ नहीं छोड़ती है। सूर्य रेखा अनामिका उंगली के नीचे होती है। अनामिका उंगली को रिंग फिंगर के नाम से भी जानते हैं। अगर ये रेखा क्लियर है तो इसका साफ मतलब है कि ऐसे लोगों को जिंदगी के हर मुकाम पर सफलता मिलती है। कई बार ऐसा भी हो सकता है कि ऐसे लोग बाकियों के मुकाबले कम ही मेहनत करें लेकिन उनकी किस्मत साथ दे जाती है। अगर सूर्य रेखा वाला हिस्सा उभरा हुआ है तो ये संकेत देती है कि ऐसे लोगों को खूब मान-सम्मान मिलता है। बहुत कम ऐसा होता है कि किसी के हाथ में दो सूर्य रेखा हो। ऐसा होना रेयर होता है। जिन लोगों के हाथ में ये रेखा 2 होती है, उन्हें बड़े पद पर काम करने को मिलता है।

# रामायण से जुड़ी नवरात्रि की अनोखी कहानी



वर्ष 2025 के शारदीय नवरात्रे चल रहे हैं. हिन्दू पञ्चांग के अनुसार ये नवरात्रे आश्विन माह में आते हैं. इन्हीं दिनों देशभर में रामलीला का मंचन भी होता है और दशमी तिथि के दिन दशहरा मनाया जाता है. इस पर्व के दौरान अधिकांश हिन्दू परिवारों में कोई न कोई सदस्य व्रत अथवा उपवास अवश्य करता है. डॉ. महेंद्र ठाकुर केमिस्ट्री से डॉक्टरेट, और सामाजिक कीमियागिरी के समीकरणों में उलझने-सुलझाने में रुचि रखते हैं. इनका मानना है कि जहां तक उपवास की बात है तो नश्वर मनुष्य के लिए इसके अनेक लाभ हैं, इसके प्रमाण हिन्दू शास्त्रों में भी मिलते हैं और आज की साइंस भी बताती है. इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि बहुत से लोग उपवास का उपहास भी उड़ाते हैं. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आश्विन मास में आने वाले आदि शक्ति भगवती जगदंबा की उपासना के इस नवरात्रि पर्व के दौरान प्रभु श्री राम ने भी व्रत किया था? यह जानने के लिए देवी भागवत पुराण के तीसरे स्कंध के अध्याय 28-30 पढ़ने होंगे. इनमें प्रभु श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया गया है.

28 वें अध्याय की शुरुआत में जनमेजय महर्षि वेदव्यास से पूछते हैं कि, 'श्रीराम ने भगवती जगदम्बा के इस सुख प्रदायक व्रत का अनुष्ठान किस प्रकार किया, वे राज्य च्युत कैसे हुए और फिर सीता हरण किस प्रकार हुआ? इस पर महर्षि वेदव्यास श्री राम चरित का (रामायण) वर्णन करते हैं.' दशानन रावण द्वारा सीता हरण के बाद श्री राम जब व्यथित थे और लक्ष्मण उन्हें सांत्वना दे रहे थे, उसी समय देवर्षि नारद वहां आते हैं (अध्याय 30). श्रीराम उनका आदर सत्कार करते हैं और नारद मुनि उनका कुशल क्षेम पूछते हैं और सीता हरण की बात करके उनके पूर्वजन्म के बारे में बताते हैं. उसके बाद वे रावण के नाश का उपाय बताते हुए कहते हैं, अब आप इसी आश्विन मास में श्रद्धापूर्वक नवरात्र व्रत कीजिये. आगे नारद मुनि कहते हैं कि, सुखी मनुष्य को इस व्रत का अनुष्ठान करना चाहिए और कष्ट में पड़े हुए मनुष्य को तो यह व्रत विशेष रूप से करना चाहिये. इसके बाद श्री राम नारद मुनि से देवी, उनके प्रभाव, उनकी उत्पत्ति, उनके नाम और उस व्रत के बारे में पूछते हैं. नारद जी कहते हैं, हे राम! किसी समतल भूमि पर पीठासन बनाकर उस पर भगवती जगदम्बिका की स्थापना करके विधान पूर्वक नौ दिन उपवास कीजिये. इस कार्य में मैं आचार्य बनूगा; क्योंकि देवताओं के कार्य करने में मैं अधिक उत्साह रखता हू. इसके बाद श्री राम ने वैसा ही किया और व्रत धारण करके आश्विन मास लगने पर वनवास में पर्वत पर रहते हुए ही भगवती का पूजन किया. उपवास परायण श्रीराम ने व्रत करते हुए विधिवत् होम, बलिदान और पूजन किया. दोनों भाइयों ने नारद जी के द्वारा बताये गये इस व्रत को प्रेमपूर्वक सम्पन्न किया.

# सिंदूर खेला की शुरुआत होती है इस खास दिन से

हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि और दुर्गा पूजा का विशेष महत्व होता है. मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना से लेकर विजयदशमी तक भक्त देवी के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं. दुर्गा पूजा का समापन विजयदशमी के दिन होता है. इसी दिन बंगाल और अन्य जगहों पर एक विशेष परंपरा निभाई जाती है जिसे सिंदूर खेला कहा जाता है. विवाहित महिलाएं इस दिन मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करती हैं और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं. साल 2025 में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर, सोमवार से हो चुकी है और दुर्गा पूजा का समापन 2 अक्टूबर, गुरुवार को विजयदशमी के दिन होगा. इसी दिन सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा.

**सिंदूर खेला की परंपरा:** सिंदूर खेला केवल विवाहित महिलाएं करती हैं. सबसे पहले वे मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करती हैं. इसके बाद वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगती हैं. इसे महिलाओं का भाईचारे और शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।




सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# वन-आधारित आजीविका को कृषि और विपणन क्षेत्र में 'नाबार्ड' के सहयोग से मिलेगा बढ़ावा: फड़णवीस

## गडचिरोली जिले में बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रायोगिक रूप से मुख्य सड़कों के पास गोदाम स्थापित किए जा रहे हैं

**गढ़चिरोली/मुंबई.**

गढ़चिरोली जिले में ग्रामीण आदिवासी समुदायों की कृषि और वन-आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिए किरकोल वनउत्पाद और अनाज के लिए प्रायोगिक रूप से मुख्य सड़कों के पास छोटे गोदाम बनाए जा रहे हैं। इन गोदामों के निर्माण में नाबार्ड के औपचारिक सहयोग के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने प्रसन्नता व्यक्त की।

नाबार्ड के पायाभूत विकास सहायता और ग्रामीण पायाभूत विकास निधि योजनाओं के माध्यम से गडचिरोली जिले में आवश्यकतानुसार सरकारी जमीनों पर गोदाम बनाए जा रहे हैं। ये गोदाम किरकोल वनउत्पाद के कटाई के बाद प्रबंधन, वर्गीकरण, पैकिंग और भंडारण के लिए उपयोगी होंगे, जैसा कि मुख्यमंत्री ने बताया।

**गोदाम निर्माण के लिए कामकाज**

प्रायोगिक गोदाम निर्माण का कार्य चल रहा है। इस परियोजना के लिए अन्न, नागरिक आपूर्ति और ग्राहक संरक्षण विभाग नोडल विभाग के रूप में जिम्मेदार है, जबकि सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।

इस पहल से आदिवासी और ग्रामीण समुदायों की कृषि और वन-आधारित आजीविका को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। गोदामों के निर्माण के जरिए कृषि और विपणन क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए ग्राम विकास और जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव नाबार्ड को प्रस्तुत किए गए, जिन पर त्वरित ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री फड़णवीस ने नाबार्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस महत्वाकांक्षी और आदिवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली पहल की सराहना की।

**ग्रामीण पायाभूत विकास निधि के अंतर्गत वित्तीय व्यवस्था :** सरकार ने परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा की। गडचिरोली जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समन्वय में इस संबंध में कार्यवाही शुरू है। ग्रामीण पायाभूत विकास निधि के अंतर्गत वर्ष २०२४-२५ में विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों के लिए २,११५ करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिसमें इस वर्ष ९२० करोड़ २९ लाख रुपये की अतिरिक्त वृद्धि की गई है। अन्न और नागरिक आपूर्ति विभाग के लिए १३८ करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**नाबार्ड, बायफ और वाटर संस्थाओं की भागीदारी :** नाबार्ड की अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत गडचिरोली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से ५ प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। आरआईडीएफ और नाबार्ड पायाभूत विकास सहायता योजना के तहत कार्यवाही चल रही है, जैसे कि नाबार्ड के प्रमुख श्री. के. वी. शाजी ने बताया।

आदिवासी विकास के लिए कार्यरत BAIF और Watershed Organization Trust ने जिलाधिकारी के पास परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए। नाबार्ड के पुनर्वित्त विकल्पों के जरिए आवश्यक सुधार सुझाए गए और क्षेत्रीय निरीक्षण पूर्ण हुआ। इन कार्यों के लिए ग्रामीण पायाभूत विकास निधि के तहत ४१९ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। BAIF ने कई राज्यों में आदिवासी विकास के लिए विभिन्न पहलें लागू की हैं, जबकि Watershed Organization Trust पिछले तीन दशकों से महाराष्ट्र समेत १० राज्यों के ७,१२४ गांवों में जल क्षेत्र विकास कार्य में सक्रिय है।

सरकार, जिला प्रशासन, नाबार्ड और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण परियोजना योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूरी हो रही है।

# बीएस इस्पात कंपनी के निदेशक पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर जिले में कार्यरत बीएस इस्पात कंपनी के निदेशक भवानी प्रसाद मिश्रा पर दर्ज एफआईआर के बावजूद कार्रवाई न होने से नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस मामले में गड़चांदूर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गौतम शिवराम भसारकर ने पुलिस महानिरीक्षक नागपुर और राज्य गृह मंत्रालय को लिखित निवेदन देकर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भसारकर ने अपने निवेदन में आरोप लगाया है कि मिश्रा पर वरोरा पुलिस थाने में पहले से दो एफआईआर दर्ज हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इससे कानून व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ रहा है और आरोपी खुलेआम घूम रहा है। निवेदन में भसारकर ने मांग की है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 406, 465, 467, 468, 471, 34, 120B के तहत आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी कर न्यायालयीन प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही, खनिज एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम 1957 के तहत स्वतंत्र जांच समिति गठित कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पुलिस द्वारा एफआईआर के अनुसार जांच में टालमटोल की जाती है, तो संबंधित अधिकारियों पर विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। साथ ही, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। भसारकर ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च न्यायालय और अन्य कानूनी मंचों का सहारा लेंगे।

# सेवा पंधरवाड़ा के अंतर्गत नेरी में रक्तदान शिविर संपन्न

**चिमूर.**



भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पंधरवाड़ा मनाया जा रहा है। नेरी-भिसी-शंकरपुर भाजपा मंडल द्वारा 25 सितंबर को नेरी में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। और कई लोगों ने रक्त के नमूने लेकर अपनी भागीदारी दिखाई। चिमूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंटी भांगड़िया के मार्गदर्शन में भाजपा नेरी की ओर से सेवा पंधरवाड़ा मनाया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर नागपुर स्थित ब्लड बैंक द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भाजपा के जि. प. प्रमुख संदीप पिसे, मीडिया प्रमुख संदेश पंढरे, महासचिव पिंटू खटीक, निखिल पिसे, गुरु पिसे, हर्षल कामडी, गंगा कामडी, मेहरकुरे एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# चंद्रपुर के वरोरा मे मामूली भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**चंद्रपुर.** रिक्टर स्केल पर एक हल्के भूकंप को मापने वाला 3.2 की हलचल चंद्रपुर जिले के वरोरा क्षेत्र में बुधवार को 9.23 बजे दर्ज किया गया था, जो कि भूकंप ऐप के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार था। वरोरा तालुका क्षेत्र में एपिकेंटर की सूचना दी गई थी। हालांकि, जब मार्डा और एकोना सहित आस -पास के गांवों के निवासियों से संपर्क किया गया था, तो उन्होंने कहा कि कोई झटके महसूस नहीं किया गया था। पुलिस पाटिल और तलाठी सहित स्थानीय अधिकारियों ने भी पुष्टि की कि जमीन के झटकों की कोई रिपोर्ट नहीं थी। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रबंधन, जो इस क्षेत्र में खानों का संचालन करता है, ने स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया कि ऐसे किसी भी झटके को उनके परिचालन क्षेत्रों में अनुभव नहीं किया गया था। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि जबकि भूकंपीय गतिविधि दर्ज की गई थी, अब तक कोई हताहत, संरचनात्मक क्षति या व्यवधान नहीं बताया गया है।

# 'ट्रैक्टर सर्विस मैकेनिक' कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन कर करियर को नया आयाम दें

## > जिल्हाधिकारी अविश्यांत पंडा का युवाओं से आवाहन

**गढ़चिरोली.** महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास सोसाइटी, व्यवसाय शिक्षा व प्रशिक्षण निदेशालय और महिंद्रा एंड महिंद्रा के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत क्रांतिवीर बाबूराव शेडमाके सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आदिवासी), गडचिरोली में ३९० घंटे का "ट्रैक्टर सर्विस मैकेनिक" कोर्स पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जाएगा।

जिल्हे के युवाओं के लिए यह कौशल विकास और रोजगार का बड़ा अवसर है। इस प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कर करियर को नई दिशा देने का अनुरोध जिल्हाधिकारी अविश्यांत पंडा ने किया है।

**प्रशिक्षण के लिए पात्रता :** उम्मीदवार की आयु १८ से २८ वर्ष के बीच हो। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता १०वीं पास; १२वीं या आईटीआई पास उम्मीदवारों को भी अवसर मिलेगा। उम्मीदवार का वजन ४५ किलो से अधिक होना चाहिए। गंभीर रोग न हो। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद तुरंत कार्य करने के लिए सक्षम और तैयार होना चाहिए।

**युवाओं के लिए रोजगार के अवसर :** यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। प्रशिक्षण के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिलेंगे। इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# 26 से 28 सितंबर के बीच बारिश का अनुमान

**गढ़चिरोली.** बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में 26 से 28 सितंबर के बीच मौसम के बदले रहने और बारिश बढ़ने की संभावना है, ऐसा मौसम विभाग ने बताया।

इस क्रम में, गढ़चिरोली जिले में 26 सितंबर को दोपहर के बाद मौसम में बादल छाने और बारिश होने की संभावना है। जिले के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश हो सकती है।

इसके बाद, 27 सितंबर को दक्षिण विदर्भ के यवतमाल जिले सहित गढ़चिरोली और आसपास के इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। 28 सितंबर को शेष विदर्भ की तरह गढ़चिरोली में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी कटाई की हुई फसलों को बारिश और तेज हवा से सुरक्षित रखें। साथ ही, भारी बारिश के कारण नदियों और नालों में बाढ़ आने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता, इसलिए नागरिकों को सतर्क रहने की भी चेतावनी आपदा प्रबंधन विभाग ने दी है।

# लखनऊ में होने वाले आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए गढ़चिरोली जिले के 20 युवक रवाना

**गढ़चिरोली.**



मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम और क्रीड़ा मंत्रालय, भारत सरकार) एवं केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए गढ़चिरोली जिले के 20 आदिवासी युवकों की टीम आज गढ़चिरोली से लखनऊ के लिए रवाना हुई।

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के उपमहानिरीक्षक अजयकुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर युवकों को लखनऊ के लिए रवाना किया। इस दौरान मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने कहा कि युवकों को कार्यक्रम से नई चीज़ें सीखकर अपने जिले की विशेषताओं को पूरे देश में प्रदर्शित करना चाहिए और गढ़चिरोली जिले का नाम उज्जवल करना चाहिए। कार्यक्रम का प्रास्ताविक जिल्हा युवा अधिकारी सारंग मेश्राम ने किया। आभार प्रदर्शन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के पुलिस उपनिरीक्षक चंद्रकांत पाटिल ने किया।

इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट श्रीमती चंचल परवाना, जिल्हा युवा अधिकारी सारंग मेश्राम, मंगेश दूबे, सौ. कल्याणी गायकवाड़ तथा हिमांशु पेद्दीवार और सौ. गौरी सेलोटे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया।

गढ़चिरोली जिले के आदिवासी युवकों को मिली यह अवसर उनके नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करने वाली होगी और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी क्षमता और कौशल प्रदर्शित करने में मदद करेगी, ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली के गढ़चिरोली जिला उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र विश्वनाथ उंदिरवाडे की नियुक्ति

**गढ़चिरोली.**

भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग से संबद्ध राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली के गढ़चिरोली जिला उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र विश्वनाथ उंदिरवाडे की नियुक्ति की गई है।

इस नियुक्ति की घोषणा परिषद के राष्ट्रीय प्रभारी मा. पी. सी. बेखाल (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.), राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. प्रवीण मांगरिया, संरक्षक मा. ना. जुएलजी उरांव (केंद्रीय मंत्री, जनजाति मंत्रालय, भारत सरकार), संरक्षक मा. मुकुलजी वासनिक (पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार), राष्ट्रीय महासचिव मा. डॉ. देवराव होळी, राष्ट्रीय संयोजक फग्गनसिंह कुलस्ते (पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग), तथा महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष मा. इंजि. रखीजी सोमकुवर के मार्गदर्शनानुसार की गई है।

इस नियुक्ति पर श्री उंदिरवाडे का सर्वत्र अभिनंदन किया जा रहा है।

# अहेरी तालुका कांग्रेस कमेटी की आढावा बैठक संपन्न

## जि.प. व पं.स. चुनावों पर हुई विस्तृत चर्चा

**अहेरी.**

तालुका कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित तालुकानिहाय आढावा बैठक गढ़चिरोली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष महेंद्र भाऊ ब्राह्मणवाडे, अहेरी विधानसभा निरीक्षक संतोषजी रावत, कांग्रेस महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव तथा पूर्व जि.प. अध्यक्ष अजय भाऊ कंकडलावार और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सचिव हनमंतू मडावी की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी जिला परिषद, पंचायत समिति व नगर परिषद समेत स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही चुनावी तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा और रणनीति पर विचार किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हनुमंतजी मडावी, अहेरी तालुका अध्यक्ष डॉ. निसार (पप्पू) हकीम, पूर्व सरपंच अज्जू पठान, मुस्ताक हकीम, रामप्रसाद मुंजमकर, नरेंद्रभाऊ गर्गम, अरुण भाऊ बेझलवार, गुरुभाऊ गुरनुले, प्रकाशभाऊ दुर्गे, पूर्व जिला परिषद सदस्य अजय भाऊ नैताम, पूर्व जि.प. सदस्य सुनिताताई कुसणाके, नगर सेवक प्रशांतभाऊ गोडशेलवार, पूर्व उपसरपंच कार्तिकभाऊ तोगम, सरपंच वंदना दुर्गे, पं.स. उपसभापति गीताताई चालुरकर, पं.स. सभापति सुरेखाताई आलाम, पूर्व जिला परिषद सदस्य पुष्पा आत्राम सहित आजी-माजी पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उपसरपंच और बड़ी संख्या में कांग्रेस आविस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुरमाड़ी में बिटस्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का भव्य उद्घाटन

**मुरमाड़ी.**

एकात्मिक आदिवासी विकास परियोजना, गढ़चिरोली के अंतर्गत सोडे बिटस्तरीय क्रीड़ा सम्मेलन दिनांक 23 से 25 सितंबर 2025 तक अनुदानित माध्यमिक आश्रमशाला, मुरमाड़ी में आयोजित किया गया। तीन दिन चलने वाली इस क्रीड़ा स्पर्धा का उद्घाटन 23 सितंबर को भव्य रूप से संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष दंडकारण्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास संस्थान के उपाध्यक्ष श्री देवाजी नरुले थे, जबकि उद्घाटनकर्ता के रूप में मुरमाड़ी के सरपंच भोगेश्वरजी कोडाप उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश लडके (दंडकारण्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास संस्थान, गड़चिरोली) उपस्थित थे। प्रमुख अतिथियों में एकात्मिक आदिवासी विकास परियोजना, गड़चिरोली के शिक्षा विस्तार अधिकारी संतोष कन्नाके, क्रीड़ा समन्वयक सतीश पवार, मुरमाड़ी के मुख्याध्यापक डोंगरे सर, क-हाड़े सर, तंटामुक्ति अध्यक्ष अशोक भुसारी, कृषी उत्पन्न बाजार समिति सदस्य विनायक भोयर, सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिका कु. निर्मला हजारे, घनशाम परसुरामकर, माध्यमिक मुख्याध्यापक हेमंत चुधरी, प्राथमिक मुख्याध्यापक देविदास लांजेवार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस स्पर्धा में कुल 10 स्कूल भाग ले रहे हैं और लगभग 700 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीद बिरसा मुंडा और शिक्षण महर्षि गो. ना. मुनघाटे तथा दंडकारण्य की मातोश्री कमलताई मुनघाटे की प्रतिमाओं के पूजन से की गई।

# विधायक मुनगंटीवार के निर्देश से किसानों को उर्वरक की आपूर्ति

## > चंद्रपुर जिले में 1700 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध

## > किसानों ने मुनगंटीवार के प्रति आभार व्यक्त किया

**चंद्रपुर.**



पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री, विधायक सुधीर मुनगंटीवार द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद केवल दो दिनों के भीतर उर्वरक की कमी की समस्या हल हो गई है। मुनगंटीवार ने दो दिन पहले एक बैठक लेकर प्रशासन को निर्देश दिए थे, जिसके बाद सोमवार, दिनांक 22 सितंबर, को जिले के किसानों को 1700 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। अगले चरण में, मंगलवार, दिनांक 23 सितंबर, को जिले के किसानों को 1600 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है और उन्होंने मुनगंटीवार को धन्यवाद दिया है।

किसानों तक समय पर खाद पहुँचे, इसके लिए विधायक मुनगंटीवार ने प्रशासन को सख्त योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। खेती के मौसम में खाद की कमी को लेकर चिंताएँ बढ़ गई थीं, लेकिन विधायक मुनगंटीवार द्वारा की गई पहल से किसानों को बड़ी राहत मिली है। इस फैसले से विधायक मुनगंटीवार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं। किसान मोर्चा के अनुरोध के बाद, बल्लारपुर सहित पूरे जिले के किसानों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए विधायक मुनगंटीवार ने खाद की उपलब्धता को लेकर अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की थी।

बल्लारपुर, भद्रावती, ब्रह्मपुरी, चंद्रपुर, चिमूर, गोंडपिपरी, जीवती, कोरपना, मूल, नागभीड़, पोंभूर्णा, राजुरा, सावली, सिंदेवाही और वरोरा के किसानों के लिए यूरिया खाद भेज दी गई है। यूरिया खाद का वितरण योजना के अनुसार सख्ती से किया जाना चाहिए ताकि खाद हर कृषि केंद्र और सभी किसानों तक समय पर पहुँचे। मुनगंटीवार ने बैठक में निर्देश दिए थे। उसके बाद, कृषि विकास अधिकारियों ने इसे अधिक से अधिक खाद विक्रेताओं तक पहुँचाने के निर्देश दिए हैं।

किसानों ने विधायक मुनगंटीवार के प्रति आभार व्यक्त किया.

किसानों की फसलों की मौसमी ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ऐसा विधायक मुनगंटीवार ने कहा कि, इसके बाद, इसे तुरंत लागू किया गया। ज़िले के किसानों ने इसके लिए मुनगंटीवार का आभार व्यक्त किया।





# कांतारा को लेकर बोले वरुण



वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसका डायरेक्शन शशांक खेतान ने किया है. यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी और यह एक महत्वपूर्ण तारीख है. क्योंकि इस दिन दशहरा और गांधी जयंती दोनों एक साथ हैं. यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऋषभ शेट्टी स्टारर 'कंतारा: चैप्टर 1' से भिड़ेगी, जो उसी दिन रिलीज़ हो रही है. फिल्मों के क्लैश पर अब वरुण का रिएक्शन सामने आया है.वरुण ने अपनी और 'कंतारा: चैप्टर 1' के बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर कहा कि हर तरह की फिल्मों के लिए जगह होती है. एक कॉन्क्लेव में बोलते हुए वरुण धवन ने कहा, "सच कहूं तो, रिलीज़ की तारीख तय करते समय, धर्मा प्रोडक्शंस, जो इतने सालों से फिल्में बना रहा है, उन्होंने 2 अक्टूबर को चुना. यह एक बड़ी तारीख है क्योंकि इस दिन दशहरा और गांधी जयंती दोनों हैं. वरुण ने आगे कहा, "कुल मिलाकर, इस दिन होने वाला कारोबार आम शुक्रवार से कहीं ज़्यादा होने की उम्मीद है. सिर्फ हिंदी में ही लगभग 70 करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है. 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की 'कंतारा: चैप्टर 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर टक्कर के बारे में बात करते हुए, वरुण ने माना कि ऋषभ शेट्टी स्टारर यह फिल्म एक बड़ी फिल्म है. उन्होंने कहा, "जाहिर है, 'कंतारा' एक बहुत बड़ी फिल्म है. पहली फिल्म कमाल की थी. मुझे खुद भी बहुत पसंद आई थी. लेकिन हमारी फिल्म बहुत अलग है. मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्मों के लिए पर्याप्त जगह है.

# कैसे शुरू हुई सचेत-परंपरा की लव स्टोरी?

नवरात्रि के मौके पर 28 सितंबर से इस कार्यक्रम की शुरुआत होने जा रही है जिसका वेन्यू दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम रखा गया है. इस महोत्सव के दौरान कई बड़ी हस्तियां परफॉर्म करती नजर आएंगी जिसमें बॉलीवुड की फ्रेश म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी सचेत टंडन और परंपरा ठाकुर का नाम भी शामिल है.पिछले कुछ सालों में ये जोड़ी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी म्यूजिशियन्स की जोड़ी बनकर सामने आई है. इस जोड़ी को कई सारे बड़े प्रोजेक्ट्स ऑफर हुए हैं. प्रोफेशनल लाइफ में ये जोड़ी काफी सक्सेसफुल है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पर्सनल लाइफ में दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत कैसे हुई थी. सचेत और परंपरा भले ही आज बॉलीवुड में कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं लेकिन आज से 10 साल पहले वे काफी एक-दूसरे से अजनबी थी. उनकी पहली मुलाकात साल 2016 में सिंगिंग रियलिटी शो द वॉइस ऑफ इंडिया के दौरान हुई थी. दोनों कंटेस्टेंट के तौर पर इस शो में नजर आए. दोनों ने शो में काफी अच्छा परफॉर्म किया था और फिनाले तक का सफर तय किया था. लेकिन दोनों ही इस शो के विनर बनने से वंछित रह गए थे. इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे के साथ कोलाबोरेट किया और शो की अपनी शानदार ट्यूनिंग को प्रोफेशनल लाइफ में आगे बढ़ाया. दोनों की संगीत साधना और आपस की ट्यूनिंग का भी उन्हें काफी फायदा मिला. आलम ये रहा कि साल 2017 में इस जोड़ी के हाथ बड़ी फिल्म लग गई. ये फिल्म थी अक्षय कुमार की टॉयलेट एक प्रेम कथा. इसके बाद से तो दोनों ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. दोनों ने जुड़वा 2, यमला पगला दीवाना फिर से, कबीर सिंह, अर्जुन पटियाला, जबरिया जोड़ी, मलंग, बागी 3, आदिपुरुष, गुमराह, जर्सी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सत्यप्रेम की कथा, विकी विद्या का वो वाला वीडियो, यारियां 2, रेड 2, बागी 4, वॉर 2 और सैयारा जैसी फिल्मों में अपना योगदान दिया.



# अधूरी रह गईं बॉबी देओल की ये ख्वाहिशें



बॉबी देओल इन दिनों बॉलीवुड के 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की सक्सेस का आनंद ले रहे हैं. हाल ही में उन्होंने एक पॉडकास्ट पर अपने शुरुआती जीवन और स्टारडम पर चर्चा की. बॉबी ने अपने भाई सनी देओल और बहनों लाली और अनु के साथ अपने रिश्तों पर बात की. उन्होंने यह मज़ेदार खुलासा भी किया कि बचपन में वह बड़े होकर चार बच्चे पैदा करना चाहते थे, ताकि वह उन सभी का नाम अपने भाई-बहनों के नाम पर रख सकें.

बॉबी देओल ने कहा, "जब मेरी शादी हुई, तो मैं चार बच्चे चाहता था. और मैं उनके नाम बिल्कुल अपने भाई-बहनों के नाम पर रखना चाहता था क्योंकि हमारे नाम बहुत ही यूनिसेक्स हैं. मेरे भाई का नाम सनी है – आप लड़का या लड़की दोनों हो सकते हैं. मेरी सबसे बड़ी बहन का नाम लाली है, वह लड़का या लड़की दोनों हो सकती है. फिर अनु और बॉबी. सभी यूनिसेक्स नाम हैं. बॉबी ने आगे कहा, "यह तब की बात है जब मैं बड़ा हो रहा था. मैं इन चीज़ों के बारे में सोचता था. फिर जब मेरी पत्नी और मेरा पहला बच्चा होने वाला था, तो मैं सिर्फ लड़कियों के नाम ही ढूंढ़ता था.

बॉबी देओल ने बताया कि वह हमेशा से एक बेटी चाहते थे क्योंकि उनकी बहनों का उनके माता-पिता के साथ रिश्ता बहुत अच्छा था. एक्टर ने आगे कहा, "मैं बस एक बेटी चाहता था. अगर मैं थोड़ा पीछे जाऊं मेरी दूसरी बहन, जो मुझसे दो साल बड़ी है, उसकी शादी हो गई और उससे पहले उसने कहा, अगर मेरी बेटी हुई, तो मैं उसका नाम निकी रखूंगी.' वह मेरी मां हैं... तो मैंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी बेटी का नाम निकी रखूंगा.

# विवादों में घिरा भाईजान का पॉपुलर शो 'बिग बॉस'



सलमान खान का कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 19 कानूनी पचड़े में फंसता हुआ नजर आ रहा है. वैसे तो ये शो अपने कंटेस्टेंट्स और उनके विवादों के चलते सुर्खियों का हिस्सा बना रहता है, लेकिन इस बार ये शो मेकर्स की भूल के चलते चर्चा का हिस्सा बना हुआ है. भारत की सबसे पुरानी कॉपीराइट लाइसेंसिंग संस्था, फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) ने शो के मेकर्स को कॉपीराइट म्यूजिक के अनाधिकृत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कानूनी नोटिस जारी किया है. नोटिस के अनुसार, बिग बॉस के चल रहे 19वें सीजन में अग्निपथ (2012) से 'चिकनी चमेली' और गोरी तेरे प्यार में (2013) से 'धत तेरी की' गाने 3 सितंबर, 2025 को स्ट्रीम होने वाले एपिसोड 11 में दिखाए गए थे. पीपीएल इंडिया का दावा है कि मेकर्स ने पब्लिक परफॉर्मेंस लाइसेंस के बिना इन ट्रैक्स का इस्तेमाल किया है. ऑर्गेनाइजेशन का तर्क है कि चूंकि एंडेमोल शाइन इंडिया ने कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 30 के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त नहीं किया था, इसलिए यह कृत्य जानबूझकर किया गया उल्लंघन है. नोटिस में पीपीएल ने 2 करोड़ के हर्जाने के साथ-साथ आवश्यक लाइसेंस शुल्क की भी मांग की है. संगठन ने एक आदेश भी जारी किया है, जिसमें मेकर्स को बिना उचित अनुमति के उसकी ध्वनि रिकॉर्डिंग का उपयोग करने से रोक दिया गया है.

# टीवी की ग्लैमरस अदाकारा हैं मिथुन की बहू मदालसा



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बड़े बेटे मिमोह ने टीवी एक्ट्रेस मदालसा के साथ 2018 में शादी की थी. मदालसा अक्सर अपनी फैमिली के साथ तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं. मदालसा को आपने स्टार प्लस के मोस्ट पॉपुलर सीरियल 'अनुपमा' में लीड एक्ट्रेस की सौतन के रोल में देखा है. मदालसा को अनुपमा की सौतन का रोल मिला था और उसे लोगों ने खूब पसंद भी किया.

सीरियल में मदालसा जितनी खतरनाक दिखाई गईं, रियल लाइफ में उनका नेचर उतना ही स्वीट है. इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आप जान सकते हैं कि मदालसा और अनुपमा यानी रुपाली गांगुली रियल लाइफ में अच्छे दोस्त हैं. 26 सितंबर 1991 को मुंबई में जन्मीं मदालसा की मां बॉलीवुड एक्ट्रेस शीला डेविड हैं.

इन्हें आपने 'नदिया के पार', 'अबोध', 'चोरी चोरी चुपके चुपके' और 'टार्जन' जैसी फिल्मों में देखा होगा. मदालसा ने 2009 में तेलुगू फिल्म फिटिंग मास्टर से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इसके अगले साल उन्होंने मलयालम फिल्म शौर्या की, जिसने मदालसा के करियर को बूस्ट करने का काम किया.

साउथ की कई फिल्में करने के बाद 2017 में मदालसा म्यूजिक वीडियो धोखा में नजर आईं. वहीं 2020 में मदालसा की एंट्री अनुपमा सीरियल में हुई, जिसमें उन्होंने 4 सालों तक काम किया और पिछले साल ही मदालसा ने उस सीरियल को छोड़ा है. 'अनुपमा' में लीड एक्ट्रेस के पति का रोल सुधांशु पांडे ने निभाया था और मदालसा ने उनकी प्रेमिका काव्या का रोल प्ले किया था. सीरियल के दौरान ही मदालसा ने सुधांशु का एक म्यूजिक एल्बम 'दिल की तू जमीं' किया.

# गोविंदा ने सुनीता को क्यों मारा ताना?



गोविंदा से ज्यादा बीते कुछ महीनों से उनकी पत्नी सुनीता आहूजा लाइमलाइट में रही हैं। फिर चाहें गोविंदा को लेकर उनके बयान हों या फिर तलाक की खबरें। अब आलम ये है कि सुनीता को मीडिया हमेशा ढूंढती है। लेकिन इससे शायद गोविंदा कुछ खास खुश नहीं क्योंकि एक वीडियो सामने आया है जिसमें गोविंदा अपनी पत्नी को मीडिया के सामने ताना मारते हुए नजर आ रहे हैं। गोविंदा ने सुनीता को स्टार कहा है और कहा कि वो नहीं सुनेगी। गोविंदा का ये वीडियो घर से ही वायरल हो रहा है जहां मीडिया किसी इवेंट को कवर करने के लिए पहुंची थी। गोविंदा को लेकर मशहूर है कि वो इस तरह के मजाक हमेशा करते रहते हैं लेकिन बातों बातों में काफी कुछ कह डालते हैं। वायरल हो रहे वीडियो में आप देखेंगे कि पैपराजी लगातार सुनीता को बुला रहे हैं लेकिन वो तेजी से अंदर जाती हुई नजर आती हैं। गोविंदा इस दौरान मीडिया से कहते हैं, ''वो नहीं रुकेगी, अब वो स्टार हो गई है।'' इतना कहने के बाद गोविंदा हंसने लगते हैं। हालांकि थोड़ी देर पर सुनीता आहूजा लौटकर आती हैं और गोविंदा के साथ मीडिया को पोज देती हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या गोविंदा ने उनको ताना मारा या फिर वो मजाक के अंदाज में बोल रहे थे। सुनीता आहूजा को लेकर मशहूर है कि वो अक्सर सोशल मीडिया पर इस तरह की बातें करते हैं जो कि मसालेदार होती हैं।

# फिर रिलीज होगी 'शोले'



बॉलीवुड की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का जादू आज भी कायम है. लोग इस फिल्म का नाम सुनते ही उत्साहित हो जाते हैं. फिल्म की कहानी और डायलॉग्स आज भी लोग नहीं भूले. हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है. बता दें कि 'शोले' फिल्म का प्रीमियर सिडनी के भारतीय फिल्म महोत्सव में किया जाएगा, लेकिन इस बार कुछ खास होगा. चलिए जानते हैं. रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित फिल्म 'शोले' 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सिडनी के भारतीय फिल्म महोत्सव में दिखाई जाएगी. बताते दें कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक 'शोले' को सिप्पी फिल्म्स के सहयोग से फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा 4K में निर्मित किया गया है, जिसका प्रीमियर सिडनी में दिखाया जाना है. सिडनी में आयोजित इस फिल्म महोत्सव के निदेशक मीतू भौमिक लांगे ने कहा, 'शोले एक फिल्म से कहीं अधिक है. यह भारतीय कहानी, स्मृति और मिथक के ताने-बाने में बुनी गई है. इतने वर्षों के बाद, इसके क्लाइमैक्स को वापस लाना, न केवल एक अलग अंतिम दृश्य को पुनर्स्थापित करना है, बल्कि निर्माताओं के एंगल को फिर से स्थापित करने जैसा है. 'शोले' के 50 वर्ष पूरे होने पर हम सिनेमा को चुनौती देने, टिके रहने के साहस का सम्मान करते हैं. हमें खुशी है कि सिडनी के दर्शक अब फिल्म को वैसे ही देखेंगे जैसे इसे हमेशा से देखा जाना चाहिए था.'फिल्म शोले की बात करें तो साल 1975 में आई इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा का इतिहास बदल दिया. फिल्म ने उस साल कई रिकॉर्ड तोड़े. इसके कुछ रिकॉर्ड आज भी कायम हैं. इस फिल्म का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया है. फिल्म की कहानी जय और वीरू नाम के दो जिगरी दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बाद में गब्बर सिंह का सामना करते हैं. फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, और अमजद खान लीड रोल में थे.

# जाह्नवी से कियारा तक नवरात्रि फैशन में दिखी खास रौनक



नवरात्रि का पांचवां दिन मां स्कंदमाता को समर्पित होता है. मान्यता है, कि इस दिन मां को ग्रीन (हरा) कलर बेहद पसंद है. ऐसे में पूजा से लेकर गरबा नाइट तक अगर आप सोच रही हैं, कि क्या पहनें, तो बॉलीवुड दीवाज जाह्नवी कपूर, आलिया भट्ट, सारा अली खान, अदिति राव हैदरी, माधुरी दीक्षित, रश्मिका मंदाना कियारा आडवाणी के ये ग्रीन ट्रेडिशनल लुक्स आपके लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन साबित हो सकते हैं.सारा का ट्रेडिशनल स्टाइल हमेशा फैंस को भाता है. उनका ग्रीन कॉटन शरारा सूट नवरात्रि पूजा के लिए कंफर्टेबल और क्लासी दोनों है. जिसे आप भी रिक्रेट कर अपने पूजा वाले लुक को एलिगेंट बना सकती हैं.अगर आप ग्रेसफुल और रॉयल लुक चाहतीं हैं, तो करिश्मा कपूर का ग्रीन जरी वर्क अनारकली सूट परफेक्ट ऑप्शन है. जिसे पहनकर आप भीड़ से खुद को अलग महसूस करेंगी, और आसपास के लोगों की नजरें आप पर अटक जाएंगी. ससुराल में पहली बार नवरात्रि पूजा कर रही हैं, तो अदिति की तरह सिल्क की ग्रीन साड़ी पहनें. ये आपको एलीगेंट और ट्रेडिशनल लुक देगा, जिसे कैरी करने के बाद आप खुद को क्लासी महसूस करेंगी. हल्के सिंपल लुक के लिए जाह्नवी कपूर की प्लेन ग्रीन साड़ी बेस्ट ऑप्शन है. इसे आप पूजा के लिए आसानी से कैरी कर सकती हैं, यह आपको काफी लाइट फील कराएगा और आपके लुक में एलिगेंट टच देगा. माधुरी दीक्षित का फ्लोर-लेंथ ग्रीन सूट नवरात्रि के मौके पर स्टाइलिश और ग्रेसफुल लुक देगा, जिसे मैरिड वूमेन से लेकर अनमैरिड गर्स तक आसानी से कैरी कर सरकती हैं, जो आपको काफी रॉयल टच देता.

# साड़ी में करिश्मा का नया अंदाज



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का नाम इन दिनों एक्स हसबैंड संजय कपूर की असमय मौत के बाद से सुर्खियों में बना हुआ है। सौतन प्रिया सचदेव के खिलाफ प्रॉपर्टी विवाद के बीच अब करिश्मा कपूर अपने ग्लैमरस अवतार को लेकर लाइमलाइट में आ गई हैं। संजय कपूर की मौत के बाद ये पहली बार है जब करिश्मा कपूर का इतना ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज दिखा है। करिश्मा कपूर के लुक की बात करें तो वो इस दौरान पीले रंग की सुनहरी साड़ी में सजी धजी काफी खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही करिश्मा कपूर ने पहले की तरह खुलकर पैपराजी को पोज भी दिए। एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को सिल्वर हाई हील्स के साथ पेयर किया था। वहीं लाइट मेकअप के साथ उनकी अदाओं के तो कहने ही क्या। इसके साथ ही करिश्मा कपूर के बालों में लगा गजरा उनके इस लुक की जान बना दिखाई दे रहा है। इससे पहले अभी तक करिश्मा पब्लिक अपीयरेंस से बचती ही दिखाई दे रही थी। साथ ही उन्हें जब भी स्पॉट किया गया तो वो गहरे सदमे में ही नजर आती थी। वहीं अब करिश्मा धीरे धीरे बच्चों और परिवार के लिए खुद को संभालने की कोशिश कर रही हैं और देखकर उनके फैंस भी काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

# 250 करोड़ में बनी पवन कल्याण की 'ओजी'



तेलुगु एक्शन-क्राइम ड्रामा 'दे कॉल हिम ओजी' दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। पवन कल्याण के दमदार एक्शन अवतार और इमरान हाशमी के विलेन अंदाज को देखने के लिए बॉक्स ऑफस पर पहले दिन भारी भीड़ जुटी दिखाई दीं दो कि मेकर्स के दिल को गार्डन गार्डन कर गई लेकिन पलक झपकते ही उनकी इस खुशी को बुरी नजर गई है। फिल्म थिएटर्स में रिलीज़ के कुछ ही घंटों में इंटरनेट पर कई अवैध वेबसाइट्स पर लीक हो चुकी है। शरारती लोग इस फिल्म को अवैध वेबसाइट्स से फ्री में डाउनलोड करके देख रहे हैं जो कि मेकर्स के लिए थ्रेट है। फिल्म इंडस्ट्री द्वारा पायरेसी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने के बावजूद 'ओजी' का इस तरह ऑनलाइन लीक होना न केवल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर डाल सकता है, बल्कि इससे उन सभी लोगों की मेहनत पर भी पानी फिरता है, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। पायरेसी केवल फिल्में नहीं चुराती, यह उन तमाम कलाकारों और तकनीशियनों की मेहनत और डेडिकेशन को भी नुकसान पहुंचाती है। यह न केवल गलत है, बल्कि भारत के कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत एक कानूनी अपराध भी है। इसलिए दर्शकों से अपील है कि वे फिल्मों का आनंद लेने के लिए लीगल और ऑफिशियल तरीकों का ही इस्तेमाल करें, ताकि क्रिएटिविटी को स्कॉप मिले और कलाकारों का हौसला बना रहे। यह पहली बार नहीं है जब कोई नई फिल्म या वेब सीरीज़ ऑनलाइन फ्री में लीक की गई हो। लगभग हर बड़ी रिलीज़ इस तरह की पायरेसी की चपेट में आ जाती है। पहले भी कई बार ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, लेकिन वे कुछ समय बाद फिर सक्रिय हो जाते हैं और पायरेसी को बढ़ावा देते हैं।



# अमीषा ने टॉम क्रूज से शादी की इच्छा जताई

अमीषा पटेल बॉलीवुड इंडस्ट्री की मोस्ट पॉपुलर और सबसे ग्लैमरस एक्ट्रेस रह चुकी हैं, लेकिन हैरानी वाली बात यह है कि अमीषा पटेल अभी भी अनमैरिड हैं। ऐसे में फैन्स भी यह जानना चाहते हैं कि आखिर कब वो दिन आएगा जब अमीषा पटेल शादी के बंधन में बंधेंगी। अमीषा के लव अफेयर को लेकर जमकर चर्चे होते रहते हैं, लेकिन हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने वन नाइट स्टैंड को लेकर बात कही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस बात का खुलासा किया है कि एक समय था जब वह इस एक्टर के साथ बस एक रात गुजारना चाहती थीं। वह उसके लिए अपने सारे प्रिसंपल साइड रख सकती थीं। अमीषा पटेल ने रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में अमीषा से उनके फिल्म इंडस्ट्री में सेलिब्रिटी क्रश के बारे में पूछा ऐसे में एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से तो किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने हॉलीवुड के इस एक्टर का नाम बोला जिसे सुनकर लोग तो हैरान ही रह गए। अमीषा पटेल ने इस पॉडकास्ट में कहा कि टॉम क्रूज उनके क्रश हैं। अमीषा आगे कहती हैं कि अगर जब भी कभी आप उनके साथ पॉडकास्ट करें तो मुझे जरूर बुलाएं। अमीषा आगे कहती हैं कि मैं बचपन से उनकी दीवानी हूं। मेरे पेंसिल बॉक्स में उनकी तस्वीर थी। मेरे कमरे की वॉल पर उनका ही पोस्टर लगा हुआ था। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वह वो इंसान हैं जिसके लिए मैं अपने सारे ही प्रिंसिपल एक साइड में रख सकती हूं। अगर आप मुझसे पूछें कि मैं उनके लिए क्या कर सकती हूं। अगर वन नाइट स्टैंड के लिए भी मुझसे पूछा जाता तो मैं खुशी से हां करती। इतना ही नहीं एक पुराने इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने यह तक कह दिया था कि अलग उन्हें टॉम क्रूज से शादी करने का मौका मिलता तो वह जरूर कर लेतीं।




## बुखार में भी केएल राहुल का शतक

लखनऊ. केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 412 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया ए के लिए शानदार शतक जमाया है. उन्होंने अपना शतक 138 गेंदों पर 12 चौके के साथ पूरा किया. ये केएल राहुल के फर्स्ट क्लास करियर का 22वां शतक है. केएल राहुल के बल्ले से निकला ये शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए उनके अच्छे फॉर्म में होने का संकेत भी है. केएल राहुल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जुझारू पारी खेलने और शतक जमाने के लिए दाद इसलिए भी देनी होगी क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट उन्होंने बुखार से जुझते हुए लिखी है. लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले बैटिंग करते हुए 420 रन बनाए. जवाब में इंडिया ए की पहली इनिंग 194 पर ही सिमट गई. इंडिया ए ने फिर ऑस्ट्रेलिया ए की दूसरी पारी 185 रन पर सिमटा दी और इस तरह जीत के लिए उसे बनाने को 412 रन का लक्ष्य मिला. 412 रन का लक्ष्य बड़ा था, ऐसे में जो शुरुआत इंडिया ए को चाहिए थी, वो उसे एन. जगदीशन और केएल राहुल ने मिली खूब दिलाई. दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े. दूसरी पारी में जगदीशन 36 रन बनाकर आउट हुए मगर केएल राहुल जमे रहे.

**तीसरे दिन राहुल को बुखार के चलते छोड़ना पड़ा था मैदान :** तीसरे दिन के खेल में हालांकि केएल राहुल के खेल में बाधा भी पैदा होती दिखी. जब ऐसी खबर आई कि उन्हें बुखार हो गया है. बुखार के चलते बल्लेबाजी में दिक्कत आने लगी तो केएल राहुल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान के बाहर चले गए. जब वो मैदान से बाहर गए तब 92 गेंदों पर 74 रन बनाकर खेल रहे थे. चौथे दिन टीम के लिए अपनी जरूरत को महसूस करते हुए केएल राहुल फिर से मैदान पर उतरे और अपनी पारी को आगे बढ़ाया. उन्होंने शानदार सैकड़ा जड़ा, जिसने इंडिया ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जीत की उम्मीद को जगा दिया है.

# जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद कैफ के बीच पावरप्ले पर बहस

**नई दिल्ली.**





एशिया कप 2025 के बीच भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह काफी सुर्खियों में बने हुए हैं. बुमराह की गेंदबाजी रणनीति को लेकर पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ और उनके बीच एक दिलचस्प बहस छिड़ गई है. कैफ ने एशिया कर 2025 में बुमराह की ओर से पावरप्ले में 3 ओवक फेंकने पर सवाल उठाए थे, जिसका बुमराह ने सोशल मीडिया पर तीखा जवाब दिया. इसके बाद कैफ ने एक बार फिर अपनी बात रखी है, जिसमें उन्होंने बुमराह को भारत का सबसे बड़ा मैच विनर बताते हुए अपने बयान को शुभचिंतक की सलाह करार दिया है.

**मोहम्मद कैफ ने दिया बुमराह को जवाब :** दरअसल, कैफ ने हाल ही में बुमराह की कप्तानों के अनुसार गेंदबाजी के पैटर्न का एनेलिस किया था. उन्होंने बताया था कि रोहित शर्मा की कप्तानी में बुमराह आमतौर पर पहले, 13वें, 17वें और 19वें ओवर फेंकते थे, जबकि सुर्यकुमार यादव की अगुवाई में एशिया कप में उन्होंने शुरुआत में ही तीन ओवर फेंके हैं. कैफ का मानना था कि बुमराह अपने शरीर को गर्म करने के बाद गेंदबाजी करना पसंद करते हैं, ताकि चोट का खतरा कम हो. साथ ही, उन्होंने कहा कि बाकी 14 ओवरों में सिर्फ एक ओवर फेंकना बल्लेबाजों के लिए राहत जैसा हो सकता है, जो वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है. कैफ के इस एनेलिस पर जवाब देते हुए बुमराह ने 25 सितंबर को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था. उन्होंने लिखा था, पहले गलत, फिर से गलत.' इस कमेंट से साफ था कि बुमराह ने कैफ के एनेलिस को गलत ठहराया और इसे खारिज कर दिया. बुमराह की यह प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसने क्रिकेट फैंस बीच चर्चा का विषय बना दिया. इसके जवाब में मोहम्मद कैफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक और पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने लिखा, 'कृपया इसे एक शुभचिंतक और फैंस की क्रिकेट संबंधी कमेंट के रूप में लें. आप भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े मैच विनर हैं और मुझे पता है कि भारतीय टीम की जर्सी पहनकर मैदान पर अपना बेस्ट देने के लिए क्या करना पड़ता है.'

**असिस्टेंट कोच ने कही थी ये बात :** भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने भी हाल ही में बुमराह की गेंदबाजी रणनीति पर बड़ा बयान दिया था. उन्होंने कहा था, 'बुमराह बहुत कठिन काम कर रहे हैं. इस फॉर्मेट में आप ज्यादा गेंदबाजों को पावरप्ले में तीनों ओवर फेंकते हुए नहीं देखते. इसलिए यह काफी मेहनत वाला भी है. लेकिन हमें लगता है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच पहले यह सही मात्रा में काम है और जाहिर है इस प्रतियोगिता का महत्व भी है.'

# साई सुदर्शन का बल्ला इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया में भी गरजा

## > वेस्टइंडीज को दी चेतावनी

**नई दिल्ली.**



वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है और इस टीम में बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन ने चयनकर्ताओं के फैसले को सही साबित करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में शानदार शतक ठोका।

**शानदार फॉर्म में साई सुदर्शन :** साई सुदर्शन ने चार दिवसीय मैच की पहली पारी में 140 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 75 रनों की शानदार पारी खेली थी।

शतक से चूकने के बाद उन्होंने दूसरी पारी में और भी अधिक आत्मविश्वास दिखाया और 170 गेंदों पर 9 चौके व 1 छक्के के साथ शतक पूरा किया। हालांकि शतक के तुरंत बाद वह आउट हो गए, लेकिन तब तक उन्होंने केएल राहुल के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 78 रनों की अहम साझेदारी कर दी थी।

**लगातार प्रदर्शन से बढ़ा भरोसा :** इससे पहले भी साई सुदर्शन ने इंग्लैंड में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो अनाधिकारिक टेस्ट में वे अब तक दो फिफ्टी और एक शतक जड़ चुके हैं, जो उनकी निरंतरता और क्लास को दर्शाता है। पहले टेस्ट में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी।

**इंग्लैंड में किया था टेस्ट डेब्यू :** साई सुदर्शन को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि डेब्यू मैच में वह पहली पारी में खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 30 रन बनाकर आत्मविश्वास दिखाया। इस पूरी सीरीज में उन्होंने 3 टेस्ट मैचों की 6 पारियों में 140 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ कर सकते हैं धमाका :** साई सुदर्शन की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। जिस तरह से उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ रन बनाए हैं, उससे साफ है कि वह अब टेस्ट क्रिकेट में खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों का दावा

**नई दिल्ली.**



एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। टीम इंडिया के पक्ष में अनुभव और फॉर्म के चलते पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन पाकिस्तान के कुछ पूर्व क्रिकेटर भारत के मिडिल ऑर्डर को कमजोर बताते हुए टीम इंडिया की कमजोरी का फायदा उठाने की उम्मीद जता रहे हैं। पूर्व पाक कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान के गेंदबाज शुरुआती विकेट जल्दी हासिल कर लेते हैं, खासकर भारत के ओपनर शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को, तो भारतीय टीम को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अकरम ने बताया कि भारत के मध्यक्रम बल्लेबाजों ने हालिया मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है, जो पाकिस्तान को मैच में वापसी का मौका दे सकता है। उनका मानना है कि केवल दो विकेट गिरते ही भारतीय बल्लेबाजी संकट में आ सकती है और पाकिस्तानी गेंदबाजों के लिए दबाव बढ़ सकता है, जिससे मैच का रुख पूरी तरह बदल सकता है।

**2 विकेट गिरते ही हार जाएगा भारत? :** वसीम अकरम ने दुबई में मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर भारत के अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के विकेट गिर गए तो टीम इंडिया बैकफुट पर आ जाएगी. लेकिन सवाल ये है कि क्या सच में ऐसा हो सकता है? आइए आपको बताते हैं कि आखिर क्या हैं आंकड़े? पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मुकाबले में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में शतकीय साझेदारी की थी लेकिन उससे पहले मुकाबले में क्या हुआ ये देखना जरूरी है. 14 अक्टूबर को खेले गए मैच में पाकिस्तान ने शुभमन गिल को 10 रन पर निपटा दिया था. अभिषेक शर्मा भी 31 रन बनाकर आउट हो गए थे लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया ने आसानी से मैच जीता और उस मुकाबले में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जिम्मेदारी से बैटिंग की थी. सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए थे और तिलक वर्मा ने 31 रनों की पारी खेली थी. ये जरूर है कि अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने दूसरे मुकाबलों में अच्छी पारी खेल मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों को अब तक टूर्नामेंट से बाहर ही रखा है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि ओपनर्स के जल्दी आउट होने पर वो रन ही नहीं बना पाएंगे.

तिलक वर्मा दुनिया के नंबर 3 बल्लेबाज हैं. टी20 इंटरनेशनल में उनकी रैंकिंग इस बात की तस्दीक करती है कि उनका क्या कद है. साथ ही सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 क्रिकेट में बेहतरीन बैटिंग की है.

# ऑस्ट्रेलिया में वैभव सूर्यवंशी नहीं दोहरा सके इंग्लैंड वाला जादू

## > तीन मैचों में बनाए 124 रन

**कैनबेरा.**



भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का ऑस्ट्रेलिया दौरा अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा। 14 वर्षीय इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज से इंग्लैंड जैसी प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज में वह वैसा प्रभाव नहीं छोड़ सके।

**तीन मैचों में 124 रन, कोई बड़ी पारी नहीं :** ऑस्ट्रेलिया में खेली गई 3 मैचों की अंडर-19 वनडे सीरीज में वैभव ने कुल 110 गेंदों का सामना करते हुए 41.33 की औसत और 112.72 की स्ट्राइक रेट से 124 रन बनाए। पहले वनडे में 38 रन, दूसरे वनडे में सर्वश्रेष्ठ 70 रन, तीसरे मैच में मात्र 16 रन इस दौरान उनके बल्ले से 9 छक्के और 12 चौके निकले। हालांकि उनकी पारी में आक्रामकता जरूर दिखी, लेकिन निरंतरता की कमी साफ झलकी।

**इंग्लैंड में किया था धमाका, सीरीज में बनाए थे 355 रन :** इसी साल इंग्लैंड के दौरे पर वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी से सबको चौंका दिया था। उन्होंने 5 मैचों की अंडर-19 वनडे सीरीज में 71 की औसत और 174.01 की स्ट्राइक रेट से कुल 355 रन बनाए थे। इस सीरीज में एक 143 रन की पारी भी शामिल थी, जो उनके टैलेंट की बेजोड़ मिसाल बनी थी। वे उस सीरीज में न केवल भारत के, बल्कि दोनों टीमों के संयुक्त रूप से सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे।

**ऑस्ट्रेलिया में गिरा औसत और स्ट्राइक रेट :** ऑस्ट्रेलिया के कठिन परिस्थितियों में वैभव का बैटिंग औसत 71 से घटकर 41.33 और स्ट्राइक रेट 174 से घटकर 112.72 रह गया। इससे यह साफ है कि ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी और पिचों ने वैभव को चुनौती दी, जिसमें वह पूरी तरह खरे नहीं उतर सके।

**टीम इंडिया का दबदबा बरकरार :** हालांकि, वैभव सूर्यवंशी के व्यक्तिगत प्रदर्शन में गिरावट देखने को मिली, लेकिन भारत की अंडर-19 टीम ने सीरीज में दमदार प्रदर्शन किया। तीसरे वनडे के खत्म होने से पहले ही भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली थी। वैभव सूर्यवंशी में अपार प्रतिभा है, जो उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर साबित की थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया में वैसा जलवा नहीं दिखा पाए, लेकिन यह अनुभव उनके क्रिकेट करियर के लिए बेहद अहम साबित होगा। भविष्य में उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# 64वां वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू हुआ

## > पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली.**




नई दिल्ली में गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 64वें इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज़ हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत को 'खेलप्रेमी और समावेशी" राष्ट्र के रूप में स्थापित करने वाला आयोजन बताया। करीब 2,200 एथलीट्स की भागीदारी वाले इस इवेंट में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल – 74 पैरा खिलाड़ी – हिस्सा ले रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पैरा एथलीट्स ने बाधाओं को तोड़कर भारत को एक स्पोर्टिंग हब के रूप में उभारा है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, सांसद कंगना रनौत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। चैंपियनशिप के मुकाबले 27 सितंबर से शुरू होंगे, जिनमें 186 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतियोगिताएं होंगी। डॉ. मांडविया ने इसे भारत के खेल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि देश अब कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और ओलंपिक 2036 की मेज़बानी की ओर अग्रसर है।

# वेस्टइंडीज को बड़ा झटका,

**नई दिल्ली.**



एशिया कप 2025 के बाद टीम इंडिया अपने घर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से होने जा रही है. पहला टेस्ट मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और आखिरी मुकाबला 10 अक्टूबर से दिल्ली में होगा. इस सीरीज के लिए दोनों टीमों का ऐलान हो गया है. इस दौरान वेस्टइंडीज की टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम का स्टार खिलाड़ी भारत के खिलाफ मैच में नहीं खेलेगा. उनकी जगह जोहान लेयन को टीम में शामिल किया गया है.

**शमार जोसेफ टीम से हुए बाहर :** भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू होने से पहली ही वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह ऑलराउंडर जोहान लेयन को टीम में शामिल किया गया है. शमार जोसेफ इस समय शानदार फॉर्म में थे. उन्होंने इस साल खेले गए तीन मैचों में 22 विकेट हासिल किए हैं.

**जानिए क्या है मामला :** उनका बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में भी खेलना मुश्किल लग रहा है. ये सीरीज 18 अक्टूबर से शुरू होगी. इसमें वनडे और टी20I मैचों की सीरीज खेली जाएगी. शमार जोसेफ की चोट के बारे में वेस्टइंडीज क्रिकेट ने एक बयान जारी किया है.

**वेस्टइंडीज क्रिकेट ने क्या कहा? :** शमार जोसेफ को लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट ने एक ट्वीट किया है. इसमें उन्होंने लिखा है कि भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए शमार जोसेफ की जगह जोहान लेयन को टीम में शामिल किया गया है. शमार चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर फिर से विचार किया जाएगा. जोहान लेयन ने अपने करियर में अब तक 19 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 32 पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 495 रन बनाए हैं. इसके अलावा वो 66 विकेट भी हासिल किए हैं. भारत के खिलाफ वो टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं.

# सुब्रतो कप के 64वें सीजन में केरल ने फाइनल में दर्ज की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली.**




दिल्ली के बीआर अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 64वें सीजन के बॉयज़ अंडर-17 फाइनल में केरल की फारूक हायर सेकेंडरी स्कूल ने उत्तराखंड की एमेनिटी पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में फारूक हायर सेकेंडरी स्कूल ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। ताखेलम्बा ने मैच के 20वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। वहीं, 62वें मिनट में आदिकृष्णा ने दूसरे गोल के साथ जीत को पक्का कर दिया। इस प्रदर्शन से केरल ने अपनी ताकत और फुटबॉल प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया। 19 अगस्त को दिल्ली में शुरू हुए इस प्रतिष्ठित घरेलू फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन दिल्ली के अलावा बेंगलुरु में भी हुआ था। कई रोमांचक मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जिसमें केरल की टीम ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

**केरल का दबदबा :** खेल के पहले हाफ में केरल ने एक गोल किया, जबकि दूसरे हाफ में भी उसी टीम का दबदबा रहा और उसने एक और गोल करके उत्तराखंड पर शानदार जीत दर्ज की. एमेनिटी पब्लिक स्कूल ने दोनों हाफ में जोरदार प्रदर्शन किया और कुछ मौके भी बनाए, लेकिन उन्हें भुना नहीं पाया. इस बीच, फाइनल गेम में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह पीवीएसएम एवीएसएम, वायु सेना प्रमुख और सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष उपस्थित थे, जबकि दिव्यांश सिंह पंवार, ओलंपियन और भारतीय शूटिंग टीम के सदस्य फाइनल के चीफ गेस्ट थे.

**नेवी के पैराटूपर्स ने बांधा समा :** कार्यक्रम का समापन एक शानदार पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां न केवल विजेताओं, बल्कि उपविजेताओं को भी उनकी कोशिश के लिए सम्मानित किया गया. इससे पहले, दिन के कार्यक्रम की शुरुआत आर्मी स्कूल के बच्चों और नेवी पैराटूपर्स के शानदार प्रदर्शन से हुई, जिन्होंने पैराशूट के ज़रिए स्टेडियम में उतरकर दर्शकों का दिल जीत लिया. बता दें गुरुवार को इस सीजन के सभी बेस्ट खिलाड़ियों को इंडियन टाइगर्स एंड टाइग्रेसेस टैलेंट हंट पहल के तहत जर्मनी में प्रशिक्षण का मौका मिलेगा. ओलंपियन और भारतीय निशानेबाजी टीम के सदस्य दिव्यांश सिंह पंवार ने बातचीत में "इंडियन टाइगर्स एंड टाइग्रेसेस" पहल की तारीफ करते हुए इसे भारत के सभी फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक बड़ा बदलाव बताया. 2019 आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पंवार ने 2020 ओलंपिक में भारत के लिए कोटा स्थान हासिल किया.

# इंग्लैंड में चमके मयंक अग्रवाल

## > जड़ा धमाकेदार शतक

**नई दिल्ली.**



भारत के लिए 21 टेस्ट मैच खेल चुके कर्नाटक के अनुभवी बल्लेबाज़ मयंक अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी के बाद इंग्लैंड में अपने बल्ले से धमाल मचा दिया है। टीम इंडिया से तीन साल तक बाहर रहने के बाद मयंक ने काउंटी क्रिकेट में खुद को साबित करने का फैसला किया और यह कदम उनके लिए बिल्कुल सही साबित हुआ। इंग्लैंड में खेलते हुए मयंक अग्रवाल ने अपना पहला शतक जड़ा और वह भी बेहद आक्रामक अंदाज में। उन्होंने इस पारी में 25 चौके और छक्के लगाए, और छक्का मारकर ही अपना शतक पूरा किया।

उनकी यह विस्फोटक पारी विदेशी सरज़मीं पर गेंदबाज़ों के लिए मुश्किल बन गई। गौरतलब है कि मयंक अग्रवाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते नजर आ रहे हैं। उनकी हालिया फॉर्म को देखते हुए माना जा रहा है कि चयनकर्ता अब एक बार फिर उन्हें टीम इंडिया में वापसी का मौका दे सकते हैं।

**मयंक अग्रवाल ने इंग्लैंड में खेली शानदार पारी :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले मयंक अग्रवाल ने इंग्लैंड में कमाल कर दिया. उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-1 में यॉर्कशर की ओर से खेलते हुए डरहम के खिलाफ शानदार शतकीय पारी खेली. ये उनके फर्स्ट करियर का 19वां शतक है. मयंक अग्रवाल ने 120 गेंदों में इंग्लैंड में अपना पहला शतक पूरा किया. इस दौरान दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अफगानिस्तान के गेंदबाज शफीकउल्लाह गफारी की गेंद छक्का जड़ते हुए अपनी सेंचरी पूरी की. पहले मैच में फ्लॉप होने के बाद उन्होंने अपने दूसरे मैच में शानदार वापसी की और 195 गेंदों में 20 चौके और 5 छक्कों की मदद से 175 रनों की शानदार पारी खेली.

**पहली बार काउंटी खेल रहे हैं मयंक अग्रवाल :** मयंक अग्रवाल की इस पारी की मदद से यॉर्कशर ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 314 रन बना लिए हैं. डरहम की पहली पारी 346 रनों पर सिमट गई थी. मयंक अग्रवाल पहली बार काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं. इससे पहले वो डॉमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं.

**मयंक अग्रवाल का प्रदर्शन :** साल 2022 में श्रीलंका के खिलाफ अपने घर में आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले मयंक अग्रवाल ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने टीम इंडिया की ओर से अब तक 21 टेस्ट मैच खेले हैं. इसकी 36 पारियों में उन्होंने 41.33 की औसत से 1488 रन बनाए हैं. इसमें 4 शतक और 6 अर्धशतक शामिल है. इसके अलावा उन्होंने भारत की ओर से 5 वनडे मैच भी खेले हैं.

हालांकि इसमें वो कुछ खास नहीं कर पाए और 17.20 की औसत से केवल 86 रन ही बना पाए हैं. फर्स्ट क्लास में वो 114 मैचों में 43.41 की औसत से 8251 रन बना चुके हैं. इस दौरान उन्होंने 19 शतक और 44 अर्धशतक ठोके हैं.

# भारत-पाकिस्तान मैच में बढ़ा तनाव

## > श्रद्धांजलि देना पड़ा भारी, सूर्यकुमार यादव दोषी करार

**नई दिल्ली.**




एशिया कप 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्टूबर को मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा पहलगाम में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि अब उनके लिए मुश्किल का कारण बन गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की शिकायत पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मामले की जांच की और सूर्यकुमार को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया है।

मैच फीस का 30% कटा

आईसीसी की कार्रवाई के तहत सूर्यकुमार यादव की 30 प्रतिशत मैच फीस काट ली गई है। यह निर्णय मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने सुनाया, जिन्होंने सूर्यकुमार के व्यवहार को खेल के "राजनीतिक रूप से तटस्थ" सिद्धांत के खिलाफ पाया।

**सूर्यकुमार यादव ने कहा क्या था? :** सूर्यकुमार यादव ने 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी थी. उन्होंने कहा था, 'ये एक बेहतरीन मौका है, हम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं. हम सब एक हैं. मैं इस जीत को अपनी सेना, सशस्त्र बलों को समर्पित करना चाहता हूं जिन्होंने बहुत बहादुरी दिखाई. उम्मीद है कि वो हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे, और जब भी हमें मौका मिले, हम उन्हें मैदान पर मुस्कुराने की और वजह देंगे.'

**सूर्यकुमार यादव के कितने पैसे कटेंगे? :** आईसीसी के जुर्माने के बाद सूर्यकुमार यादव की सैलरी से कितना पैसा कटने वाला है, ये भी जान लीजिए. सूर्यकुमार यादव को एक टी20 मैच के तीन लाख रुपये मिलते हैं. सूर्यकुमार यादव पर 30 फीसदी जुर्माना लगा है जिसके हिसाब से उनके 90 हजार रुपये काटे जाएंगे.

**हारिस रऊफ पर भी जुर्माना :** वैसे सिर्फ सूर्यकुमार यादव नहीं पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ भी दोषी पाए गए हैं. आईसीसी ने उनकी भी 30 फीसदी मैच फीस काटी है. साहिबजादा फरहान को भी दोषी करार दिया गया है, हालांकि ऊपर कोई जुर्माना नहीं लगा है. हारिस रऊफ ने बीच मैदान पर 6-0 और विमान गिरने के इशारे किए थे. जबकि साहिबजादा ने अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले से गोली चलाने जैसा जश्न मनाया था. इसे आईसीसी ने आचार संहित का उल्लंघन माना है.

